रोहतक
शुक्रवार, 28 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 29
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 26.6
न्यून. 12.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**


| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,612.43 | 10.31 ▼ |
| निफ्टी | 22,545.05 | 2.50 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 88,200 /- | 1150/- ▼ |
| चांदी | 98,500/- | 1000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.21 | 2 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 73.27/ बैरल | | 1.02% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




कई जिलों में बरसात 5 डिग्री तक गिरा पारा आज भी बारिश और ओले गिरने का अलर्ट

# बारिश व तेज हवा से फसल गिरी, नुकसान की आशंका

## मौसम विभाग का दावा-अभी दो दिन परिवर्तनशील रहेगा मौसम, छाएंगे बादल

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को हल्की बरसात, बूंदाबांदी और तेज हवा चलने फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। गेहूं और सरसों की फसल खेतों में बिछ गई। अचानक बिगड़े मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। मौसम ऐसा ही बना रहा तो गेहूं का उत्पादन प्रभावित होगा। वहीं, दूसरी तरफ मौसम विभाग ने शुक्रवार को कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। मौसम ऐसा ही बना रहा तो किसानों बड़ा नुकसान होने का अंदेशा है। अधिकतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि न्यूनतम तापमान में 2.5 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई है। गुरुवार को प्रदेश में औसत अधिकतम तापमान 23 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आर्दता 63 प्रतिशत व हवा की गति 18 किलोमीटर प्रति घटा दर्ज की गई। इससे पहले अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम पारा 14 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था।


कैथल में बिछी गेहूं की फसल

### यहां बारिश

पानीपत, जींद, कैथल, सोनीपत, रोहतक, झज्जर और महेंद्रगढ़ में भी हल्की बूंदाबांदी हुई। आसमान में काले बादल छाए रहे।

**इन जिलों में अलर्ट**

मौसम विभाग ने पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, रोहतक, भिवानी और चरखी दादरी में भी हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कई जिलों में आंधी और ओलावृष्टि का भी अलर्ट जारी किया है।

### लगातार बदल रहा मौसम

मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। शाम तक बादल छाए रहने के कारण बारिश की संभावना बनी हुई थी। मार्च के पहले सप्ताह से ही सर्दी की विदाई का समय आ सकता है। गर्म कपड़ों से जल्द छुटकारा मिल जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार 2 मार्च तक आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान हल्की बरसात के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। इसके बाद मौसम साफ होने की संभावना है। तापमान में उतार-चढ़ाव भी लगातार बना रह सकता है।

### बढ़ रही किसानों की धड़कन

इस समय गेहूं और सरसों की फसल पकाव की ओर है। मौसम बदलने से गेहूं की फसल से दीमक का खतरा कम हो गया है। सरसों की फसल भी मौसम अनुकूल रहने के कारण अच्छा उत्पादन दे सकती है। इस समय आसमान में छाने वाले बादल किसानों की धड़कन बढ़ाने का काम रहे हैं। मौसम विभाग ने कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की आशंका भी जताई है। अगर इस समय ओलावृष्टि होती है तो किसानों को भारी नुकसान होगा।

**हिमाचल में बर्फबारी, हिमस्खलन का खतरा :** हिमाचल के लाहौल स्पीति में 2 दिन से हैवी स्नोफॉल हो रहा है। कई क्षेत्रों में 3 फीट से ज्यादा बर्फबारी हो चुकी है। इससे पूरे जिले का संपर्क कट चुका है। अटल टनल रोहतांग भी आवाजाही के लिए बंद हो गई है। आज और कल भी भारी स्नोफॉल का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पंजाब में भी बारिश-ओलावृष्टि का अलर्ट है। पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, होशियारपुर में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### नुकसान की जानकारी ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दस तक करें अपलोड

**जींद।** 20 फरवरी को ओलावृष्टि व भारी बरसात से फसलों में नुकसान होने की सूचना मिली थी। इसको लेकर प्रभावित गांवों के किसानों द्वारा उपायुक्त के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवाई थी। जिला प्रशासन द्वारा इस पर तुरंत प्रभाव से कार्यवाही करते इसको मुख्यालय भेजकर ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की सिफारिश की गई। इसको गंभीरता से लेते राज्य सरकार द्वारा फसलों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए ई. क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि किसान रबी फसल में हुए नुकसान को इस पोर्टल पर 10 मार्च तक अपलोड कर सकते हैं। इसके बाद जांच होगी और मुआवजा दिया जाएगा।

# दिल्ली कोर्ट में पेशी से लौट रहे हिस्ट्री शीटर की सोनीपत में हत्या

कार सवार बदमाशों ने ढाबे पर दिनदहाड़े बरसाईं गोलियां / साथी भी गोली लगने से घायल खानपुर पीजीआई में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली की कोर्ट में पेशी से लौट रहे हिस्ट्री शीटर की सोनीपत में एक ढाबे पर बदमाशों ने दिनदहाड़े गोलियां मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने बहालगढ़ थाना क्षेत्र में ढाबे पर इस वारदात को अंजाम दिया। वारदात में हिस्ट्री शीटर का दोस्त भी गोली लगने से घायल हो गया। बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस की टीमों ने वारदात स्थल से नमूने एकत्रित किए। बताया जा रहा है कि मृतक दीपक उम्रकैद की सजा काट रहा था। वह दिल्ली कोर्ट में पेशी के बाद वापस लौट रहा था। तभी बदमाशों ने यह वारदात कर दी। पुलिस टीमें बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही हैं।

### गांव गुहणा का रहने वाला था दीपक

गांव गुहणा का रहने वाला हिस्ट्री शीटर दीपक (37) अपने साथी मुरथल के मंदीप के साथ एक मुकदमे में पेशी के लिए दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में गया था। शाम को दोनों वापस लौट रहे थे तो कुमासपुर के पास स्थित वीर ढाबे पर रुके थे। इसी दौरान गाड़ी में आए बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। ढाबे पर मौजूद लोगों ने इधर-उधर भाग कर खुद को बचाया। एसीपी अजीत सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दीपक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, जबकि मनदीप को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है।



### जल्द गिरफ्त में होंगे बदमाश

ढाबे पर गोलियां मारकर हत्या करने की सूचना मिली थी। वारदात स्थल से नमूने एकत्रित किए गए है। हमलावरों की तलाश के लिए टीमों का गठन किया गया है। जल्द बदमाशों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

# सोनीपत में भाजपा नेता सहित सात लोगों के ठिकानों पर आईटी के छापे

**सोनीपत(हरिभूमि न्यूज)।** सोनीपत में निकाय चुनाव के बीच गुरवार को इनकम टैक्स विभाग ने भाजपा जिला प्रवक्ता नीरज आत्रेय समेत 7 लोगों के ठिकानों पर छापे मारे हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रॉपर्टी से जुड़े वित्तीय लेन-देन और टैक्स चोरी को लेकर दिल्ली और हरियाणा में आईटी की टीम जांच कर रही है। आत्रेय के अलावा अमित जैन, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार और मनोज दलाल प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त का काम करते हैं। मामले में दो और लोग शामिल हैं, इनके नाम सामने नहीं आए हैं। टीम ने नीरज आत्रेय के ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित घर, अमित जैन के सेक्टर-14 स्थित घर, मनोज दलाल के भरतपुरी स्थित घर, जयकुंवार के सेक्टर 14 और मोनू के राठधाना स्थित आवास पर छापे मारे। इस दौरान अर्धसैनिक बलों के जवान भी मौके पर तैनात किए गए हैं। आत्रेय के चाचा ओमप्रकाश लंबे समय से भाजपा के साथ जुड़े हैं। उनके बाद नीरज भी भाजपा में सक्रिय हैं। वह सोनीपत से बीजेपी की इकाई में मीडिया प्रभारी से लेकर, भाजपा प्रवक्ता समेत एक कई पदों पर रह चुके हैं। राजनीति के साथ प्रॉपर्टी कारोबार में भी जुड़े हुए हैं। वहीं अमित जैन की सोनीपत की अनाज मंडी में दुकान हैं। उन्होंने खरखौदा, गोहाना, कुंडली और सोनीपत में औद्योगिक जोन में प्लाटिंग का काम किया है। साथ ही एसजीआईटी टाउनशिप नाम से कंपनी चलाते हैं।

**टैक्स चोरी को लेकर कार्रवाई भाजपा नेता की अनाज मंडी में दुकान**

## खबर संक्षेप

### बीसीआई अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के लिए दो मार्च को चुनाव

**नई दिल्ली।** भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए दो मार्च को चुनाव कराए जाएंगे। बीसीआई अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने यह जानकारी दी। मिश्रा ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी है तथा एक मार्च तक नामांकन वापस लिया जा सकता है। परिषद अपने सदस्यों में से दो वर्ष के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन करती है। भाषा

### जहान-ए-खुसरो का आज उद्घाटन करेंगे पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राजधानी स्थित सुंदर नर्सरी में सूफी संगीत समारोह 'जहान-ए-खुसरो' के रजत जयंती कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। वे 28 फरवरी को शाम 7:30 बजे सुंदर नर्सरी, नई दिल्ली में भव्य सूफी संगीत समारोह, जहान-ए-खुसरो में भाग लेंगे। पीएम देश की विविध कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रबल समर्थक रहे हैं। इसके अनुरूप, वह जहान-ए-खुसरो में भाग लेंगे। एजेंसी

### इस साल 9.4% वेतन वृद्धि करने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत में कंपनियां इस साल 9.4% की औसत वेतन वृद्धि कर सकती हैं। यह 2024 की 9.6% वेतन वृद्धि से थोड़ी कम है।'ईवाई फ्यूचर ऑफ पे' रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के 10 में से छह नियोक्ता कर्मचारियों को पुरस्कृत करने और वेतन संबंधी रणनीतियों के लिए अगले तीन वर्षों में एआई की क्षमता का पता लगाने के इच्छुक हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारतीय कंपनियों में 2025 में 9.4% की औसत वेतन वृद्धि हो सकती है। भाषा

### हाई कोर्ट बोला- हाईवे की हालत खराब तो टोल कैसा?

**जम्मू।** यदि सड़क की हालत खराब है तो फिर उस पर टोल टैक्स की वसूली करना तो यात्रा करने वालों के साथ अन्याय है। जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाई कोर्ट ने फैसले में यह बात कही है। एक याचिका की सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को आदेश दिया कि वह टोल टैक्स में 80% तक कटौती करे क्योंकि सड़क जर्जर है। अदालत ने यह फैसला नेशनल हाईवे 44 को लेकर दिया। एजेंसी

10 मार्च से होने वाले संसद सत्र में लाया जाएगा बिल विपक्ष इस विधेयक का जता चुका है विरोध

# वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है।

**जेपीसी की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया**

इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी।

### 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी

जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में राजग सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसीके पास भेजा गया था। इसके बाद जेपीसी ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी।

### हम पीएम मोदी की डिग्री कोर्ट को दिखा सकते हैं पर अजनबियों को नहीं : डीयू

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह पीएम नरेन्द्र मोदी की डिग्री से संबंधित अपने रिकॉर्ड अदालत को दिखाने को तैयार है, लेकिन आरटीआई के तहत इसका खुलासा अजनबी लोगों के समक्ष नहीं करेंगे। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह दलील दी, जिसके बाद कोर्ट ने पीएम की स्नातक की डिग्री के संबंध में सूचना का खुलासा करने के निर्देश देने वाले सीआईसी के आदेश के खिलाफ डीयू की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

**अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा**

### ऋषिकेश के जानकी झूला टापू में फंसे हरियाणा के 100 श्रद्धालु

**ऋषिकेश (भाषा)।** ऋषिकेश में जानकी झूला के पास गंगा का जलस्तर बढ़ने से हरियाणा के 100 श्रद्धालु टापू पर फंस गए। जान जोखिम में पड़ते देख श्रद्धालुओं ने हल्ला मचाना शुरू किया। आवाजें सुनकर जानकी घाट के निकट मौजूद जल पुलिस के जवानों ने किसी तरह श्रद्धालुओं को टापू से सकुशल बाहर निकाला और उनकी जान बचाई। मुनि की रेती थाना पुलिस के मुताबिक महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालु गंगा का जलस्तर कम होने की वजह से गंगा के बीच बने टापू पर स्नान करने के लिए चले गए। तभी पानी आ गया।

**जल पुलिस जवानों ने बाहर निकाला**

**महाकुंभ** पीएम बोले, इस महाआयोजन में कोई कमी रह गई हो तो माफ करना

*इतना बड़ा आयोजन आसान नहीं था, यहां न कोई शासक था और न ही प्रशासक*

# महाकुंभ युग परिवर्तन की आहट भारत के विकास का संदेश दिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ को बृहस्पतिवार को 'युग परिवर्तन की आहट' करार दिया और कहा कि इस आयोजन ने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। यह संदेश है 'विकसित भारत' का। महाकुंभ के पूर्ण होने पर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से साझा किए गए एक आलेख में प्रधानमंत्री ने इस भव्य आयोजन को एकता का महाकुंभ बताया और कहा, /"जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वह सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा।



### देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार

मोदी ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे और सभी ने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में, इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी।

### न निमंत्रण और न ही सूचना

यहां न कोई शासक था न प्रशासक, करोड़ों लोगों को न औपचारिक निमंत्रण था, न ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ के लिए चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। यह देखना बहुत सुखद रहा।

### महारिकॉर्ड गिनीज बुक में दर्ज

**329 स्थानों पर गंगा सफाई:** गंगा में 329 स्थानों पर एक साथ सफाई करने का रिकॉर्ड बना। वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए ढाई सौ स्थान को एक साथ आधे घंटे में साफ करने का लक्ष्य था, लेकिन 329 जगहों पर एक साथ सफाई अभियान चला।

**हैंड पेंटिंग :** यहां 10,102 लोगों ने एक साथ हैंड पेंटिंग की। इससे पहले ये रिकॉर्ड 7660 लोगों का था।

**झाड़ू लगाना :** महाकुंभ में 19,000 लोगों ने एक साथ झाड़ू लगाकर मेला क्षेत्र की सफाई अभियान को गति की। इससे पहले ये रिकॉर्ड 10,000 लोगों का था।

**मिला सर्टिफिकेट :** गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम में संबंधित अधिकारियों को सर्टिफिकेट सौंपे। सीएमओ ने एक्स पर लिखा बधाई दी।




## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने विवि में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण किया

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा वीरवार को किया गया। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि विश्वविद्यालय का नाम डॉ. बीआर आंबेडकर के नाम पर है और आज विश्वविद्यालय के प्रांगण में ऐसी महान विभूति की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ है।

# नायब सैनी सक्षम व सुलझे हुए सीएम, कुशलता से कर रहे हर कार्य : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राज्य के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की थी, उन्हें पूरा किया जाएगा। नायब सिंह सैनी सुलझे हुए व समक्ष मुख्यमंत्री हैं और वे संकल्प पत्र का एक-एक वादा पूरा करेंगे। कैप्टन अभिमन्यु वीरवार को यहां नगर निगम चुनाव में मेयर व पार्षद पद के पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करने आए थे। इस दौरान भाजपा नेता डॉ. राजेश धमीजा के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि हमारे मेयर उम्मीदवार प्रवीण पोपली जहां बड़े अंतर से चुनाव जीतेंगे वहीं पार्षद उम्मीदवार भी बड़ी जीत दर्ज करने वाले हैं। जनता ने भाजपा के हाथ में नगरीय सरकार की डोर देकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की ठान ली है। नगरीय सरकार बनने के बाद मेयर व अन्य पार्षद मिलकर जनता तक सरकार की वे तमाम नीतियां व सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास करेंगे, जिनकी जनता हकदार है। जनता जान चुकी है कि भाजपा के पास ही विकास का विजन है, भाजपा की नीति व नीयत ही विकास करवाने की है।

### हिसार में मेयर सहित भाजपा के सभी उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे



**हिसार।** शहर में नगर निगम चुनाव को लेकर चुनावी सभाओं को संबोधित करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

### सांसद जेपी पर पलटवार

कांग्रेस सांसद जयप्रकाश द्वारा हवाई अड्डा शुरू होने पर इस्तीफा देने की घोषणा पर पलटवार करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि वह समय आने वाला है, इसलिए वे अपना इस्तीफा तैयार रखें। उन्होंने कटाक्ष किया कि हवाई अड्डा शुरू होने की प्रक्रिया सीढ़ी दर सीढ़ी चल रही है और यह प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी होगी। कांग्रेस सांसद को हवाई अड्डे की विकास प्रक्रिया देखते रहना चाहिए क्योंकि कोई फाइल उनके समझ में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि अपने आप को बड़ा नेता बताने वाले कुछ कांग्रेसियों ने निकाय चुनाव में हाथ पैर मारने शुरू किए थे, लेकिन वे अब शांत हो गए। उनके तंत्र ने उन्हें बता दिया है कि इन चुनावों में उन्हें कुछ मिलने वाला नहीं है।

### प्रदेश में कांग्रेस है ही कहां?

निकाय चुनाव में कांग्रेस की स्थिति बारे पूछे सवाल के जवाब में कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस है ही कहां ? उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसी जिले में कोई कांग्रेस, किसी जिले में कोई कांग्रेस है। कांग्रेस की स्थिति इस चुनाव में सांप छछूंदर वाली हो गई है। कांग्रेसियों को पता चल गया है कि उनके ढोल व पीपे खाली निकलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने हरियाणा जलाया, हरियाणा की जनता पर जुल्म किए, उन्हें जनता अब कभी मुंह नहीं लगाएगी। वास्तव में हरियाणा में कांग्रेस नहीं बल्कि सत्ता लोलुप लोगों का एक गिरोह है, जो येन केन प्रकारेन सत्ता में कब्जा करके प्रदेश को असंख्य हाथों से लूटना चाहते हैं।

## रोहतक

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश कर रहा उन्नति

**रोहतक।** पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि लोकतंत्र के महा पर्व पर दो मार्च को अपने नगर की सरकार चुनने का आपका अधिकार है। पार्षद और मेयर चुनने का फैसला जनता को करना है। वे बृहस्पतिवार को भाजपा के मेयर पद के प्रत्याशी रामअवतार वाल्मीकि के समर्थन में चिन्योट कॉलोनी में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा आज पूरे देश में एक वातावरण बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक नई अंगडाई ली। दुनिया भर में बैठे हुए भारतीय नरेंद्र मोदी रूपी शेर को देखते हैं।

### सीवन और कलायत में जनसभा के दौरान बोले मुख्यमंत्री नायब सैनी

# मार्च के बाद पहले फेज में एक लाख परिवारों को 100 गज के प्लॉट देंगे

- मुख्यमंत्री बोले- कांग्रेस के नेताओं को ट्वीट के अलावा कुछ नहीं आता, अब तो उनके ट्वीट में भी भ्रष्टाचार की बदबू आने लगी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन/कलायत

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को सीवन और कलायत में जनसभाएं की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दोनों जगह की जनता को विश्वास दिलवाया कि सीवन और कलायत में कमल खिलाकर भेज दें, विकास की गारंटी मैं लेता हूं। सीवन और कलायत को और ज्यादा चमकाने में कसर नहीं रहने दी जाएगी। ये मेरी ही नहीं प्रधानमंत्री की भी गारंटी है कि किसी भी क्षेत्र में विकास की कमी नहीं रहने देंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि गांवों के रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मकान बनाकर देंगे। इस प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाते हुए भाजपा 12 मार्च के बाद पहले फेज में 1 लाख परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट देगी। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को ट्वीट के अलावा कुछ नहीं आता, अब तो उनके ट्वीट में भी भ्रष्टाचार की बदबू आने लगी है। कांग्रेस के नेता जनता को बरगला रहे हैं कि भाजपा ने कुछ काम नहीं किया। लेकिन उन्हें धरातल की जानकारी नहीं। भाजपा ने सरकार बनने के 100 दिनों के अंदर 18 वादे पूरे किए हैं। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान संकल्प पत्र में वादा किया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्लॉट देंगे और हमने 14 शहरों के 15 हजार 340 परिवारों को 30-30 गजे से प्लॉट दे भी दिए हैं।



### प्रधानमंत्री ने फीडबैक लिया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज सुबह ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात हुई। करीब 30-40 मिनट तक प्रधानमंत्री हरियाणा के बारे में अपडेट लेते रहे। सभी योजनाओं के बारे में जानकारी ली, बड़े प्रोजेक्ट्स के बारे में पूछा और गति देने पर जोर दिया। नगर निगम चुनाव को लेकर भी प्रधानमंत्री ने अपडेट लिया, मैंने जनता के बलबूते पर प्रधानमंत्री को कहा कि जिस तरह दिल्ली में कांग्रेस तीसरी बार जीरों पर आउट हुई है, वैसे ही हरियाणा नगर निगम चुनाव में भी जनता कांग्रेस को जीरो पर आउट करेंगे।

### बदला हरियाणा के लोगों का जीवन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसभाओं में कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र के वादे के अनुसार प्रदेश के सरकारी अस्पतालों, पीजीआई और मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस की सुविधा फ्री दी जा रही है। भाजपा ने कृषि क्षेत्र की बड़ी समस्या का समाधान करते हुए कानून बनाकर पट्टेदारों को जमीन का मालिकाना हक दिया। पंचायती जमीन पर जिन लोगों के मकान 20 साल से ज्यादा समय से बने हैं, उन्हें भी मालिकाना हक देने का काम किया। सैनी ने कहा कि प्रदेश की 15 लाख महिलाओं को 500 रुपये में सिलेंडर दिया जा रहा है।

### कांग्रेस वादे पूरे नहीं करती, भर्ती भी रुकवा दी थी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में जनता से वादा किया था कि महिलाओं को 1500 रुपये प्रति महीना दिए जाएंगे, 500 रुपये में सिलेंडर दिया जाएगा। ढाई साल का समय हो गया वहां सरकार बने, कांग्रेस अभी तक योजना भी नहीं बना पाई। कांग्रेस हरियाणा में भी विस के दौरान कांग्रेस ने युवाओं की सरकारी नौकरी का रिजल्ट रुकवा दिया था। जनता ने कांग्रेस के मनसूबे पूरे नहीं होने दिए। भाजपा की सरकार बनते ही मैंने सीएम पद की शपथ बाद में ली, पहले 25 हजार युवाओं को नौकरी दी।

### हरियाणा में चल रही पेपर लीक और घोटालों की सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा का कहना है कि हरियाणा में पेपर लीक और घोटालों की सरकार चल रही है। बीजेपी सरकार के दौरान स्कूल बोर्ड से लेकर भर्ती तक, ग्रुप-डी से लेकर एचसीएस तक के पेपर लीक हुए हैं। अब 12वीं क्लास की बोर्ड परीक्षा का पेपर लीक होने से स्पष्ट है कि इस सरकार में पेपर लीक माफिया हर स्तर पर अपना वर्चस्व जमा चुका है। ऐसा लगता है कि सरकार को बीजेपी नहीं, बल्कि पेपर लीक माफिया चला रहा है। कुछ दिन पहले ही पेपर घोटालों की कड़ी में नया नाम रोहतक विश्वविद्यालय एमबीबीएस पेपर का जुड़ा था। पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज में उजागर हुए एमबीबीएस पेपर घोटाले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। जिन पेपरों में गड़बड़ थी, उन्हें गायब कर दिया गया। पेपर पास करवाने के लिए हर सब्जेक्ट के लिए 3-5 लाख रुपए लिए जा रहे थे। धांधली के लिए अलग तरह के पेन का इस्तेमाल होता था।



# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात



- विकास को लेकर मोदी ने हरियाणा की सराहना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के साथ हरियाणा के आधारभूत विकास और भष्य की परियोजनाओं पर चर्चा की और केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार सभी वर्गों के लिए निरंतर योजनाएं लागू कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सफल प्रयास कर रही है। सैनी ने बताया कि आगामी निकाय चुनाव को लेकर भी प्रधानमंत्री से चर्चा हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन मिला।

### तेज गति से कर रहे काम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की डबल इंजन की सरकार तीन गुणा गति से प्रदेश का विकास सुनिश्चित कर रही हैं और विकास के मामले में हरियाणा राज्य अग्रणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2047 तक हरियाणा भी विकसित राज्य बनेगा।

### 23 विश्वविद्यालयों पर हजारों करोड़ रुपये का कर्ज : संपत सिंह

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह ने चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सरकारी यूनिवर्सिटी पर लगातार कर्ज बढ़ता जा रहा है। संपत सिंह का दावा है कि प्रदेश के 23 विश्वविद्यालयों पर 6,625.82 करोड़ रुपये कर्जा हो गया है। सरकार ने यूनिवर्सिटीज को देने वाली ग्रांट को लोन में बदल दिया है, जिससे यूनिवर्सिटीज पर कर्ज हो गया। 29 अप्रैल 2022 को सरकार ने 10 यूनिवर्सिटीज को 147.75 करोड़ की राशि पहली तिमाही के लिए लोन देने का फैसला किया था। जिसका विरोध हुआ और सरकार ने यह फैसला वापस लिया और कहा यह राशि के ग्रांट की राशि है।

उन्होंने इस दौरान बिना वजह प्रदेश के अंदर यूनिवर्सिटी खोले जाने पर सवाल उठाए साथ ही कहा कि इनमें सैकड़ों की संख्या में पदों पर लोगों को बैठा दिया जाता है, यह सारा कुछ खजाने पर बोझ के अलावा कुछ भी नहीं है। हर जिले में यूनिवर्सिटी खोलनी जरूरी नहीं है, बल्कि यह वोट बैंक की राजनीति के कारण सब हो रहा है।

### सरकार द्वारा विदेश गए युवाओं को अपराधी कहना गलत : सुरजेवाला

**चंडीगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव और सांसद रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के सांसद मनोहर लाल पर युवा व देश विरोधी होने का आरोप लगाया। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि अमेरिका से हथकड़ी लगाकर, बेड़ियों में बांधकर, वापस भेजे जा रहे युवाओं के बारे में सांसद मनोहर लाल का ब्यान अमानवीय तो है ही, भाजपा नेताओं के ऐसे ब्यान हमारे युवाओं के सपनों का अपमान करना है। सुरजेवाला ने कहा कि मनोहर लाल ने अमेरिका से डिपोर्ट हुए बेरोजगार युवाओं को लेकर बयान दिया कि अपराधी तो हैं, उस देश के अपराधी हैं वो, हमारे देश के लोगों ने गलत काम दिया है, बहुत सहानुभूति दिखाने की जरूरत नहीं है।

### किसान परेशान न हों : कृषि मंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि अब मौसम के सख्त तेवर से बागवानी के किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है, प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। राणा ने किसानों को योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उद्यान विभाग प्रवक्ता ने बताया कि विभाग द्वारा ₹ मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना₹ शुरू की गई है , इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को पारंपरिक अनाज फसलों की बजाए अधिक आमदनी देने वाली उच्च जोख़मि की बागवानी फसलें लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।



### सभी विभागों के अधिकारी तैयारी में जुटे

# विस सत्र को लेकर शेड्यूल तैयार, 13 मार्च को बजट पेश होने की उम्मीद

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश का बजट 2025-2026 इस बार 13 मार्च को पेश होने की संभावनाएं हैं। खास बात यह है कि इस बार यह सत्र मार्च के अंतिम सप्ताह तक चलने की संभावनाएं हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से संभावित कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। 7 मार्च से शुरू होने वाला हरियाणा का बजट सत्र इस बार होली के त्योहार और अन्य अवकाश होने के कारण 25 मार्च तक चलने की प्रबल संभावनाएं हैं। होली सहित शनिवार और रविवार को लगभग 1 सप्ताह के अवकाश बीच में पड़ेंगे, इन दिनों सदन नहीं चलेगा। हालांकि इस बार विपक्ष खासतौर पर कांग्रेसी सदस्यों द्वारा हमलावर रहने की तैयारी की जा रही है। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि इस बार 7 मार्च शुक्रवार की सुबह 11:00 बजे से शुरू होने वाला सत्र हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के अभिभाषण से शुरू होगा। साथ ही राज्यपाल की अभी भाषण की प्रतियां वितरित की जाएंगी। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद में राज्य में दिवंगत होने वाली लोगों के लिए शोक संदेश पढ़कर दो मिनट का मौन रखा जाएगा। इसके बाद ही सदन की कार्रवाई समाप्त हो जाएगी। 8 मार्च शनिवार और 9 मार्च को रविवार होने के कारण अवकाश रहेगा। 10 मार्च को सोमवार के दिन एक बार सुबह फिर एक बार 11:00 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होगी। राज्यपाल के अभिभाषण पर सामान्य चर्चा की जाएगी। 11 मार्च को इसी प्रकार से राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर सदन के अंदर चर्चा चलेगी, जबकि 12 बुधवार को राज्याप के अभिभाषण पर पर सामान्य चर्चा के साथ राज्यपाल के लिए सदन की ओर से धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

### सत्र के बीच में कई अवकाश, ऐसे चलेगी कार्यवाई

शुक्रवार 14 मार्च को होली का अवकाश रहेगा। शनिवार 15 मार्च और 16 मार्च रविवार के कारण अवकाश रहेगा। 17 मार्च को सदन में बजट एस्टीमेट को लेकर चर्चा शुरू होगी और 18 मार्च को फिर बजट पर चर्चा की जाएगी। 19, 20 और 21 मार्च को सिटिंग नहीं है। माना जा रहा है इन दिनों बजट पर बोलने के लिए विधायकों को समय दिया जाएगा। विधानसभा की जो भी कमेटियां बनी हैं, उनका आंतरिक मूल्यांकन चलेगा। इसी तरह से 22 शनिवार को अवकाश रहेगा। 23 को रविवार का अवकाश रहेगा। 24 मार्च को सुबह 11:00 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होगी और वित्त मंत्री हरियाणा के मुख्यमंत्री इसी दिन बजट को लेकर जवाब देंगे। साथ ही बजट पर वोटिंग होगी। 25 मार्च मंगलवार को बजट सत्र का संभावित अंतिम दिन रहेगा।

### बीएसी करेगी फैसला

राज्य की विधानसभा कब से शुरु होगी और कब तक चलेगी इस पर कोई भी अंतिम फैसला अंतिम वक्त में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी करेगी। यह बैठक सात की सुबह किए जाने की प्रबल संभावनाएं हैं।

### विपक्ष घेरेबंदी को तैयार

विपक्ष खास तौर पर कांग्रेस की ओर से इस बार व्यापक तैयारी की जा रही है। अहम विभागों और कानून व्यवस्था की हालत को लेकर कांग्रेस हमलावर रहेगी नेता विपक्ष पहले तय हो जाने की सूरत में कांग्रेस और ज्यादा हमले करने की तैयारी में है।



**खबर संक्षेप**

## पौने 2 किलो अफीम के साथ महिला गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सीआईए-टू बहादुरगढ़ की पुलिस टीम ने एक महिला को नशीले पदार्थ अफीम के साथ काबू किया है। प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक महिला रोहद टोल के नजदीक काबू किया। नियमानुसार तलाशी के दौरान महिला के पास से 1 किलो 775 ग्राम नशीला पदार्थ अफीम बरामद हुआ। पुलिस द्वारा उसे अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

## कांग्रेस ने पांच को छह साल के लिए निकाला

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस पार्टी की ओर से पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए पूर्व विधायक सहित पांच नेताओं को छह साल के लिए बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इन सभी को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। निकाले गए नेताओं में पूर्व विधायक रामबीर भी शामिल हैं। इनके अलावा विजय कौशिक, राहुल चौधरी, पूजा रानी और रुपेश मलिक पर कार्रवाई की गई है। वे नगर निगम चुनाव को लेकर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। उन्हें छह वर्षों के लिए प्रभाव से निष्कासित किया जाता है।

## फर्जी बिल गबन करने के मामले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** आर्थिक अपराध शाखा एनआईटी द्वारा फर्जी बिल के माध्यम से राशि गबन करने के मामले में गढवाल सभा फरीदाबाद के पूर्व अध्यक्ष देव सिहं गोसाई व कोषाध्यक्ष योगेश शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में कार्यालय जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटीज फरीदाबाद से प्राप्त शिकायत पर थाना कोतवाली में फरीदाबाद की गढवाल सभा के पदाधिकारियों के विरुद्ध गबन करने के मामले में अभियोग दर्ज किया गया था। जिसमें आरोप लगाए गए थे कि सभा के पदाधिकारियों द्वारा पद का दुरुपयोग किया गया है।


### सख्तीः नकल के कुल 37 मामले दर्ज और दो पर्यवेक्षक रिलीव

# 12वीं का अंग्रेजी पेपर नूंह और पलवल से आउट, आरोपितों को धर-दबोचा

**केंद्र के बाहर कुछ युवक छात्रों के लिए पर्ची बनाते भी नजर आए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नूंह\भिवानी

प्रदेश में 12वीं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के पहले ही दिन गुरुवार को नूंह और पलवल में अंग्रेजी का पेपर आउट हो गया। बोर्ड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पेपर वायरल करने वालों को धर-दबोचा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) अंग्रेजी विषय की परीक्षा में अभी तक प्राप्त रिपोर्ट अनुसार कुल 37 अनुचित साधन प्रयोग के मामले पकड़े गए है। साथ ही ड्यूटी में कोताही बरतने पर दो पर्यवेक्षकों को कार्यभार मुक्त कर दिया गया है। गुरुवार को प्रदेशभर में 1054 परीक्षा केंद्रों पर अंग्रेजी विषय की परीक्षा संचालित हुई। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि गुरुवार को संचालित हुई सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 37 अनुचित साधन प्रयोग के मामले दर्ज किए गए। उन्होंने आगे बताया कि नकल पर अंकुश लगाने के प्रदेश में गठित अन्य उडनदस्तों द्वारा अनुचित साधन के 37 मामला दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि जिला-नूंह के परीक्षा केन्द्र रावमा विद्यालय, टपकान-01 से अंग्रेजी विषय की परीक्षा का प्रश्न पत्र आउट होने की सूचना बोर्ड कट्रोल रूम में प्राप्त होने पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए बोर्ड के जिला प्रश्न पत्र उड़नदस्ता द्वारा मौके पर पंहुचकर एल्फा न्यूमेरिक कोड, क्यूआर कोड व हिडन फीचर की सहायता से पेपर वायरल करने वालों को धर-दबोचा। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित परीक्षार्थियों मोनिश, नफीश व मुश्तकीन एवं पर्यवेक्षक शौकत अली, रकमूदीन, जेबीटी अध्यापक राजकीय प्राथमिक पाठशाला, रिठोरा (नूंह) तथा केन्द्र अधीक्षक संजय कुमार, पीजीटी हिन्दी, राकवमा विद्यालय,खोड बशई के खिलाफ पुलिस प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



### शिक्षा निदेशालय को कार्रवाई को लिखाः बोर्ड

बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्र रावमावि, पलवल-33 से भी गुरुवार का अंग्रेजी विषय का पेपर आउ होने की सूचना बोर्ड कट्रोल रूप में प्राप्त हुई थी, जिस पर तुरन्त संज्ञान लेते हुए बोर्ड की जिला प्रश्न पत्र उडनदस्ता पलवल टीम द्वारा मौके पर पंहुचकर पेपर वायरल करने वालो को धर पकड़ा तथा जांच उपरान्त इस केंद्र पर संचालित हुई परीक्षा को रद करने की सिफारिश की गई। सम्बन्धित केन्द्र अधीक्षक देवेन्द्र सिंह द्वारा परीक्षार्थी सचिन तथा पर्यवेक्षक गोपाल दत्त शर्मा, गणित अध्यापक रावमावि, रसूलपूर पर एफआईआर दर्ज करवाई गई। उप-मण्डल प्रश्न पत्र उडनदस्ता पुन्हाना द्वारा परीक्षा केन्द्र रावमावि, जमालगढ़ पर नियुक्त पर्यवेक्षक अरशद हुसैन, टीजीटी अध्यापक एवं आरएएफ-12 द्वारा परीक्षा केन्द्र रावमावि, पनहेड़ा खुर्द पर तैनात पर्यवेक्षक प्रवीन, साईस अध्यापिका को ड्यूटी में कौताही बरतने पर ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया गया। सभी सम्बन्धित के विरूद्ध शिक्षा निदेशालय को विभागीय कार्यवाही के लिए लिखा जा रहा है। प्रदेशभर में परीक्षाओं की मॉनिटरिंग के लिए अलग-अलग जिलों में दो कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। सूबे में 1355 परीक्षा केंद्रों पर कल सैकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) गणित विषय की परीक्षा में 2,87,023 परीक्षार्थी प्रविष्ठ होंगे।



**केंद्रों के बाहर रहती भीड़:** सोशल मीडिया पर नूंह तथा पुनहाना परीक्षा केंद्रों से 12वीं अंग्रेजी विषय के पेपर के आउट होने की खबरें सामने आ रही हैं। 59 सुपरिंटेंडेंट को बैग दिए गए हैं। नकल रहित परीक्षा करवानी है। मेवात की जो फिजा है, पीछे कुछ कमियां रही हैं। अच्छा माहौल बच्चों को दिया है। केंद्रों के बाहर जो भीड़भाड़ होती है। आउटसाइडर जो भीड़ है, उसके लिए पुलिस व प्रशासन की जिम्मेदारी है।

*-हयात खान डिप्टी डीईओ नूंह*

# जींद में नाबालिग पहलवान के दुष्कर्मी कोच को 20 वर्ष कैद

- सजा के अलावा अदालत ने 21 हजार रुपये लगाया जुर्माना

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने प्राइवेट खेल अकादमी के कुश्ती कोच द्वारा नाबालिग कुश्ती खिलाड़ी के साथ दुष्कर्म करने, बंधक बनाने के जुर्म में 20 वर्ष का कारावास व 21 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सदर थाना इलाका गांव की 15 वर्षीय लड़की ने 23 फरवरी 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सफीदों रोड पर बने स्कूल की छात्रा है। स्कूल के साथ बनी खेल अकादमी मे गांव ईंटल कलां निवासी कोच सुनील के पास कुश्ती की प्रेक्टिस करती थी। वह सात व आठ फरवरी को कोच सुनील के साथ गांव मिर्चपुर में आयोजित प्रतियोगिता ने भाग लेने गई थी। आठ फरवरी को कोच सुनील ने उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया। जिसके बाद आरोपित ने गांव ईक्कस के निकट उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी देर तक उसे गाड़ी में बंधक बना कर रखा गया। जिसके बाद आरोपित उसे अकादमी में छोड़ कर चला गया। महिला थाना पुलिस ने आरोपित कोच सुनील के खिलाफ दुष्कर्म, बंधक बनाने, छह पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सुनील को गिरफ्तार कर लिया था।

## कुरुक्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्मी को सुनाई आजीवन कठोर कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस की अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी गुरमेल सिंह वासी कुरुक्षेत्र को कारावास व जुर्मानें की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी में मेनपाल ने बताया कि 9 मार्च 2020 को महिला थाना पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना शाहबाद वासी महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग शाहबाद के स्कूल पढ़ती है। स्कूल का कोच गुरमेल उसकी नाबालिग लड़की तथा अन्य लड़कियों के साथ अश्लील हरकत करता था। आरोपी ने व्हटसएप्प ग्रुप बनाकर नाबालिगों को अश्लील मैसेज व विडियो भेजता था। आरोपी ने उसकी नाबालिग को ब्लेकमेल करके उसके साथ गलत काम किया। जिसकी शिकायत पर महिला थाना में मामला दर्ज करके जांच महिला निरीक्षक मेवा देवी द्वारा अमल में लाई गई। जांच के दौरान नाबालिग का मेडिकल चैकअप करवाया गया। तफ्तीश के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी गुरमेल सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास व 30 हजार रुपये जुमार्ना तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 15 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# सोनीपत में 300 किलो पनीर से भरी गाड़ी पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र स्थित बाबा कॉलोनी में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 300 किलो पनीर से भरी गाड़ी को पकड़ा है। इसके बाद पनीर से भरी गाड़ी को थाने में लाया गया। जहां पुलिस ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बुलाकर दुग्ध पदार्थों की जांच कराई। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. बीरेंद्र ने पनीर के दो और दही का एक नमूना लिया है। इन नमूनों को सील बंद करके चंडीगढ़ स्थित राज्य खाद्य, औषधि एवं उत्पाद शुल्क प्रयोगशाला में भेज दिया गया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि बाबा कॉलोनी में निम्न स्तर के पनीर की आपूर्ति की जा रही है। सूचना मिलने के बाद शहर थाना पुलिस बाबा कॉलोनी में पनीर भंडार के पास पहुंची। वहां दुकान के बाहर एक गाड़ी खड़ी मिली। इस दौरान पुलिस ने देखा कि गाड़ी में काफी मात्रा में दही व पनीर भरा हुआ था। इसके बाद पुलिस गाड़ी को लेकर शहर थाना में पहुंची। पुलिस टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. बीरेंद्र से संपर्क कर तड़के तीन बजे शहर थाना परिसर में बुलाया। दो घंटे तक चले इस प्रक्रिया के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. बीरेंद्र ने पनीर के दो और दही का एक नमूना भरा। सैंपलों को सीलबंद करके जांच के लिए चंडीगढ़ स्थित प्रयोगशाला में भेजा।



**सोनीपत।** सैंपल सील करते हुए विभाग के कर्मचारी।

### खाद्य सुरक्षा विभाग कर रहा कार्रवाई

शहर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। जिसमें पनीर से भरी गाड़ी को काबू किया गया। उसके बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाकर नमूने लिए है। उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है। आगामी कार्रवाई खाद्य सुरक्षा विभाग कर रहा है।

*रविंद्र कुमार, पुलिस प्रवक्ता सोनीपत।*

## गोहाना में ट्रक को रुकवा कर चालक को पीटा, फरार

**गन्नौर।** धतूरी रोड पर अंबे धर्मकांटा के निकट एक ट्रक चालक के साथ अज्ञात हमलावरों ने मारपीट कर दी। ट्रक चालक ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में खेड़ी तगा गांव के अनील कुमार ने बताया कि 25 फरवरी को वह अपना ट्रक धतूरी स्थित एक कंपनी से लोड कर रामनगर के लिए चला था। जब वह रामनगर पहुंचा तो कंपनी से फोन आया कि उनके ट्रक में गलत माल लोड हो गया है, जिस वजह से अपना ट्रक लेकर वापिस आ जाएं। जिसके बाद वह रामनगर से वापिस धतूरी के लिए चल दिया। जब वह अंबे धर्मकांटा के पास पहुंचा तो धतूरी की तरफ से एक कैंटर चालक ने इशारा करके उसके ट्रक को रुकवा दिया। जब वह ट्रक से नीचे उतरा तो कैंटर चालक उसके साथ गाली गलौज किया और कैंटर परिचालक ने उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान एक कार में सवार हो कर तीन युवकों ने लोहे की राड व डंडे से उस पर हमला कर उसे जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गए।

## जींद में हादसाः अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**जींद।** नोएडा में तूड़ा बेच कर वापस फतेहाबाद जिले के कुलां लौट रहे ट्रैक्टर चालक की भंभेवा के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान कूलां निवासी (28) वर्षीय रवि के रुप में हुई। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी दिवान सिंह ने बताया कि भंभेवा गांव के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर जब वह मौके पर पहुंचे तो राहगीरों ने ट्रैक्टर चालक को निकाला हुआ था। घायल ट्रैक्टर चालक को शहर के नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया।

### मिष्ठान भंडार संचालक से 50 लाख की रंगदारी मांगने का मामला

# तीन बदमाशों के साथ सोनीपत पुलिस की मुठभेड़ गोली लगने से बदमाश घायल, खानपुर रेफर

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में स्थित मिष्ठान भंडार संचालक से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के तीन बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 की टीम ने गांव ककरोई-बैंयापुर रोड पर बुधवार देर रात गुप्त सूचना पर बदमाशों पकड़ने का प्रयास किया तो उन्होंने गोली चला दी। जवाबी फायर में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। मौके से दो गिरफ्तारों में से एक नाबालिग बताया जा रहा है। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर अजय धनखड़ ने बताया कि उनकी टीम बुधवार देर रात गश्त पर थी। तभी उन्हें सूचना मिली कि गांव बैंयापुर-ककरोई रोड पर बाइक सवार तीन युवक आते दिखाए दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। इसी दौरान उनकी बाइक गिर गई। वह ककरोई की तरफ भागे पुलिस उन्हें पकड़ने को दौड़ी तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। बचाव में पुलिस ने गोली चलाई तो एक युवक के पैर में जाकर लगी। उसकी पहचान गांव भठगांव निवासी लक्ष्य के रूप में हुई। एएसआई अमित की टीम ने एक अन्य को काबू किया। जांच में वह नाबालिग मिला। वहीं एएसआई पवन की टीम ने तीसरे आरोपित को पकड़ा, जिसकी पहचान गांव ककरोई निवासी शुभम उर्फ जख्मी के रूप में दी। पुलिस ने आरोपित शुभम को अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं नाबालिग आरोपित को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने पेश किया, जहां उसे बाल सुधार गृह अंबाला भेज दिया गया। काबू किए गए युवकों पर पिछले दिनों शहर थाना क्षेत्र के एक मिष्ठान भंडार संचालक से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है।



**सोनीपत।** मुठभेड़ में घायल आरोपित।

## निर्बाध बिजली की आपूर्ति को प्रतिबद्ध

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है।'पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में एक लाख रुपये से अधिक और तीन लाख तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों नामतः कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 03,10, 17 और 24 मार्च को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में किया जाएगा।

### हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त ने दी जानकारी

# तैयारी पूरी, 7 निगम, 4 परिषद और 21 पालिकाओं के लिए मतदान दो मार्च को

**2 नगर निगमों में महापौर, 1 नगर परिषद में प्रधान (प्रेजीडेंट), 2 नगर पालिकाओं में प्रधान (प्रेजीडेंट) और तीन वार्डों के पार्षद पद के लिए 2 मार्च को होंगे उप-चुनाव**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में 7 नगर निगमों, 4 नगर परिषदों तथा 21 नगरपालिकाओं में होने वाले चुनाव के लिए मतदान 2 मार्च को होगा। साथ ही दो नगर निगमों में मेयर पद, एक नगर परिषद में प्रधान (प्रेजीडेंट), दो नगर पालिकाओं में प्रधान (प्रेजीडेंट ) और तीन नगर पालिकाओं के वार्डों में वार्ड सदस्य के लिए उप-चुनाव के लिए भी 2 मार्च को ही मतदान होगा।

इसके अलावा नगर निगम पानीपत में महापौर (मेयर) एवं सभी वार्डों के सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान की तिथि 9 मार्च रहेगी । राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि 7 नगर निगमों (फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर, हिसार, करनाल, पानीपत, रोहतक एवं यमुनानगर) में महापौर तथा वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए हरेक मतदान केंद्र में 2 अलग-अलग इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दो नगर निगमों में (अंबाला तथा सोनीपत) महापौर पद के लिए, एक नगर परिषद (सोहना) में प्रधान (प्रेजीडेंट) पद और दो नगरपालिकाओं (असंध और ईमाइलाबाद) में प्रधान (प्रेजीडेंट) के पद तथा 3 नगरपालिकाओं (सफीदो, तरावड़ी व लाडवा) के वार्डों में वार्ड सदस्यों के लिए होने वाले उपचुनाव में हरेक मतदान केंद्र में एक ईवीएम मशीन द्वारा ही मतदान करवाया जाएगा।

### पानीपत नगर निगम का चुनाव 9 को होगा

धनपत सिंह ने आगे बताया कि 4 नगर परिषदों ( अम्बाला सदर, पटौदी-जटोली मंडी, थानेसर और सिरसा ) में प्रधान (प्रेजीडेंट) तथा वार्ड सदस्यों के लिए, 21 नगरपालिकाओं ( बराड़ा, बवानी खेडा, लौहारू, सिवानी, जाखल मंडी, फरूख नगर, नारनौंद, बेरी, जुलाना, कलायत, सीवन, पूंडरी, इंद्री, नीलोखेडी, अटेली मंडी, कनीना, तावडू, हथीन, कलानोर, खरखौदा और रादौर) में प्रधान (प्रेजीडेंट) तथा वार्ड सदस्यों के लिए हरेक मतदान केंद्र में 2 अलग अलग ई.वी.एम. के माध्यम से मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम (अम्बाला और सोनीपत) में महापौर पद के लिए, नगर परिषद (सोहना) में प्रधान (प्रेजीडेंट) पद के लिए और नगर पालिका (असंध और इस्माइलाबाद) में प्रधान (प्रेजीडेंट) पद के लिए और नगरपालिका (सफीदों के वार्ड नंबर 14, तरावड़ी के वार्ड नंबर 5 तथा लाडवा के वार्ड नंबर 11) में वार्ड सदस्य के उपचुनाव में एक मतदान केंद्र में केवल एक ईवीएम से ही मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पानीपत निगम का चुनाव 9 मार्च को होगा। इस चुनाव में महापौर के पद तथा वार्ड सदस्यों के लिए हरेक मतदान केंद्र में 2 ईवीएम लगाई जाएगी।

## मतदाता शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में करें बढ़ चढ़ कर मतदान

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे 2 मार्च को होने वाली शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में बढ़ चढ कर मतदान करें। मतदान में केवल वही मतदाता मताधिकार का उपयोग कर सकेगा जिसका नाम संबंधित नगर निगम/ नगर परिषद अथवा नगरपालिका की मतदाता सूची में शामिल है। मतदाता का नाम सम्बन्धित निगम/ नगर परिषद अथवा नगरपालिका की मतदाता सूची में दर्ज होना आवष्यक है। सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए अपने साथ फोटो युक्त पहचान पत्र लेकर आना होगा। जिनके पास यदि वोटर कार्ड नहीं हैं तो वे अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकते हैं।

**वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान**



# चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान का सफर 9 दिन में खत्म, बिना कोई मैच जीते बाहर हुआ गत चैंपियन

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच ग्रुप-ए का मुकाबला बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। रावलपिंडी में बारिश की वजह से टॉस तक नहीं हो सका। इसी के साथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान के सफर का बुरा अंत हुआ है। टीम तीन में से एक भी मैच नहीं जीत पाई। गुरुवार को बारिश के कारण मैच रद्द होने की वजह से दोनों टीमों को एक-एक अंक तो मिला, लेकिन रिजवान की टीम ग्रुप-ए में आखिरी स्थान पर रही। बांग्लादेश ने उनसे ऊपर तीसरे स्थान पर रहते हुए सफर का अंत किया। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जबकि बांग्लादेश को भी इन्हीं दोनों टीमों के खिलाफ शिकस्त मिली।

### नहीं पेश कर सका चुनौती

पाकिस्तान ने अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में कीवियों ने मेजबानों के खिलाफ 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना भारत से हुआ जिसमें टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 241 रन के स्कोर पर ही रोका और लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने सामने मोर्चा संभाला और 43.2 ओवर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। यूं तो पाकिस्तान की उम्मीदें दो मैच हारने के साथ ही खत्म हो गई थी, लेकिन उसकी संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त न्यूजीलैंड की बांग्लादेश पर जीत ने कर दिया।





### बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

पाकिस्तान ने इसके साथ ही कुछ अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। 2009 के बाद यह पहली बार है जब चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबान टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई है। आखिरी बार ऐसा दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था जब टीम ने तीन में से दो मैच हारे और एक में उसे जीत मिली थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम उस वक्त ग्रुप में सबसे नीचे रही थी।

### चौथी टीम जो नहीं कर पाई खिताब का बचाव

इतना ही नहीं पाकिस्तान ऐसी चौथी टीम है जो चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब का बचाव करने उतरी, लेकिन ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई। पहली बार ऐसा 2004 में हुआ जब भारत और श्रीलंका ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। भारत और श्रीलंका 2002 में इस टूर्नामेंट के संयुक्त विजेता बने थे। आखिरी बार 2013 में ऐसा हुआ था जब गत चैंपियन टीम ग्रुप चरण में बाहर हो गई थी। उस वक्त ऑस्ट्रेलिया कोई मैच नहीं जीत सकी थी।

### पाकिस्तानी संसद में उठेगा मेजबानों की हार का मुद्दा

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम के खिलाड़ियों से चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबानों के खराब प्रदर्शन पर चर्चा करेंगे। इसकी जानकारी राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की सरकार टीम के जल्दी बाहर होने से खफा है। 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रही पाकिस्तान की टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में दो करारी हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर व्यक्तिगत रूप से बात करेंगे। वह क्रिकेट से जुड़े मुद्दों को कैबिनेट और संसद में उठाएंगे।

## खबर संक्षेप



### कप्तान के रूप में भविष्य पर करूंगा आकलन

**लाहौर।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने अफगानिस्तान के खिलाफ हार के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद कहा कि टीम के कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर फैसला करने से पहले वह अगले कुछ सप्ताह इस बात का विश्लेषण करने में बिताएंगे कि वह 'समस्या का हिस्सा हैं या समाधान का'। इंग्लैंड को 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से हार का सामना करना पड़ा। बटलर के नेतृत्व में इंग्लैंड का यह लगातार तीसरा असफल आईसीसी टूर्नामेंट अभियान था। इससे पहले भारत में 2023 विश्व कप और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में 2024 टी20 विश्व कप में टीम को निराशा का सामना करना पड़ा।

### आज मुंबई की नजरें बदला चुकता करने पर

**बेंगलुरु।** पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी। तो



उसकी नजरें लीग की शीर्ष दो टीम के बीच होने वाले इस मुकाबले को जीतकर पहले चरण में मिली हार का बदला चुकता करने और जीत का क्रम जारी रखने पर टिकी होंगी। इसी महीने वडोदरा में हुए चार मैच में सिर्फ दिल्ली की टीम मुंबई इंडियन्स को हराने में सफल रही थी और शुक्रवार को जब हरनमप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम मैदान पर उतरेगी तो इस हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

### बतौर कप्तान रोहित परिपक्व हो गए हैं

**दुबई।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा पिछले कुछ वर्षों में कप्तान के रूप में परिपक्व हुए हैं और अपने साथियों के साथ उनका करीबी रिश्ता है जो



भारतीय टीम के लिए अच्छा है। काफी समय तक रोहित के सलामी जोड़ीदार रहे धवन ने कहा कि मुंबई का यह बल्लेबाज टीम को संभालने के लिए काफी अनुभवी है। धवन ने कहा, '2013 से 2025 तक, 12 साल का अनुभव बहुत है। रोहित ने बहुत कुछ देखा है। वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है, लड़कों को कैसे एकजुट करना है। एक कप्तान के रूप में वह परिपक्व हो गया है।'

### आईसीसी मैच रेफरी बून सीए बोर्ड में शामिल

**मेलबर्न।** पूर्व बल्लेबाज डेविड बून पाकिस्तान और दुबई में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईसीसी मैच रेफरी के अपने मौजूदा पद को छोड़ देंगे और 28 मार्च से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बोर्ड में शामिल होंगे। बून क्रिकेट तस्मानिया बोर्ड के अध्यक्ष हैं और सीए में निवर्तमान अध्यक्ष पॉल ग्रीन की जगह लेंगे। 'क्रिकेट.कॉम.एयू' ने सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड के हवाले से कहा, 'मुझे बेहद खुशी है कि डेविड एक खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशासक के रूप में अपने विशाल अनुभव को लेकर सीए बोर्ड में आएंगे।'

### चैंपियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मार्च को अंतिम लीग मैच खेलेगी भारतीय टीम

# जीत की हैट्रिक पर भारत की नजर, रोहित ने बनाई दूरी, विराट ने किया कड़ा अभ्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में विजयी रथ पर सवार भारतीय टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड से टकराएगी। यह मुकाबला 2 मार्च को दुबई में खेला जाएगा। इस मैच से पहले भारतीय टीम ने गुरुवार को अभ्यास किया। चोटिल भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने नेट्स में बल्लेबाजी नहीं करने का विकल्प चुना। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अकादमी मैदान में अंडर लाइट प्रशिक्षण लिया। शुभमन गिल ने अभ्यास नहीं कया, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर कोई चिंता नहीं है। रोहित शर्मा को हल्की फिटनेस ड्रिल करते देखा गया। भारतीय कप्तान ने नेट्स में बल्लेबाजी करने से परहेज किया। उन्होंने स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के साथ काफी समय बिताया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान रोहित को हैमसट्रिंग चोट के कारण मैदान से बाहर रहे थे। पाकिस्तान की पारी के दौरान वह तकलीफ में नजर आए थे। उन्हें चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता पड़ी। हालांकि वह बल्लेबाजी करने आए और 15 गेंदों में 20 रन बनाए थे।



### गौतम से की गंभीर चर्चा

नेट प्रैक्टिस छोड़ने के बावजूद रोहित ने भारत के प्रशिक्षण सत्र पर कड़ी नजर रखी। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी चर्चा की और टेनिस रैकेट का उपयोग करके हल्के-फुल्के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लिया। कोच मोर्ने मोर्कल फिर से टीम में शामिल हो गए हैं। मोर्कल ने टीम के साथ दुबई की यात्रा की थी, लेकिन फैमिली इमरजेंसी के कारण उन्हें साउथ अफ्रीका वापस जाना पड़ा था।

### कोहली में दिखी रन की भूख

पाकिस्तान के खिलाफ मैच विनिंग शतक के बाद विराट कोहली ने नेट्स पर स्पिनर्स का सामना किया। इस दौरान उनके अंदर रन की भूख नजर आई। विराट ने ट्रेनिंग सत्र के दौरान कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों का तो सामना किया है, साथ में उन्होंने अन्य नेट गेंदबाजों को बुलाकर उनका भी सामना किया। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद शमी को भी पूरे दमखम के साथ गेंदबाजी करते देखा गया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी भी परेशानी में दिखे थे।

### पंत को मिल सकता है मौका


खबरों की मानें तो दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की धीमी और निचली सतहों के विपरीत, भारत ने घास से भरपूर पिच पर प्रशिक्षण लिया। ऋषभ पंत ने भी काफी अभ्यास किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नेट्स में कोहली के साथ प्रशिक्षण लिया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम अगले मैच में पंत को मौका दे सकती है।

### शमी ने कोहली को किया परेशान

शमी ने कोहली को गेंदबाजी करते हुए गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराया। उनकी गेंद दो बार जाकर कोहली के पैड पर भी लगी। वहीं, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी सत्र के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध दिखे। मोर्कल की निगरानी में सभी गेंदबाज न्यूजीलैंड की चुनौती के लिए तैयार दिखे। मोर्कल को मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते हुए देखा गया। शुभमन गिल, जो टूर्नामेंट में भारत के स्टैंड आउट बल्लेबाज रहे हैं, एकमात्र ऐसे बल्लेबाज थे जो अभ्यास सत्र के लिए नहीं आए।

### रणजी ट्रॉफी फाइनल

## विदर्भ के खिलाफ केरल का स्कोर 131/3, सरवटे की तूफानी फिफ्टी



एजेंसी ▶▶| नागपुर

आदित्य सरवटे के नाबाद 66 रन की मदद से केरल ने रणजी ट्रॉफी फाइनल में विदर्भ के पहली पारी के 379 रन के जवाब में दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 131 रन बना लिए।

केरल की टीम अभी भी पहली पारी में 248 रन पीछे है। स्थानीय सितारे सरवटे ने उम्दा पारी खेलकर केरल को मजबूत स्कोर की नींव दी जबकि गेंदबाजों ने इससे पहले विदर्भ को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। पहले दिन चार विकेट पर 254 रन बनाने वाली विदर्भ टीम की नजरें 450 के आसपास के स्कोर पर थी लेकिन केरल के गेंदबाजों ने उसे 400 के भीतर रोक दिया। विदर्भ के लिए दानिश मालेवार ने 153 और करुण नायर ने 86 रन बनाए। दूसरे दिन पहले सत्र में केरल के गेंदबाजों ने अपनी लय कायम रखी। तेज गेंदबाज एम डी निधीश ने 61 रन देकर और ईडन एपल टॉम ने 102 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। एन एम बासिल को दो विकेट मिले। बासिल ने मालेवार की पारी का अंत करके सुबह केरल को पहली सफलता दिलाई। मालेवार ने 285 गेंद में 153 रन बनाए जिसमें 15 चौके और तीन छक्के शामिल हैं।

### टखने के दर्द के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से हटा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहने के उनके फैसले के पीछे मुख्य कारण टखने का दर्द है। हाल ही में श्रीलंका में श्रृंखला के दौरान टखने में दर्द के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा था कि उनके फैसले के पीछे कुछ 'व्यक्तिगत विचार' भी थे। स्टार्क ने कहा, 'कुछ अलग-अलग कारण हैं, कुछ व्यक्तिगत विचार हैं। टेस्ट श्रृंखला के दौरान मेरे टखने में थोड़ा दर्द था इसलिए मुझे बस इसे ठीक करने की जरूरत है।'

### प्राग मास्टर्स शतरंज

## प्रज्ञानानंदा ने नवारा से ड्रॉ खेला अरविंद की बाजी भी बराबर रही



एजेंसी ▶▶| प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में चेक गणराज्य के स्टार डेविड नवारा से ड्रॉ खेला जबकि अरविंद चिदंबरम ने भी स्थानीय दावेदार एनगुएन थाइ डेइ वान के साथ अंक बांटे।

विश्व चैंपियनशिप के दौरान डी गुकेश की टीम का हिस्सा रहे जर्मनी के विन्सेंट केमर ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराया। अमेरिका के सैम शेंकलैंड भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने तुर्की के गुरेल एडिस को शिकस्त दी। वियतनाम के कुआंग लिएम ली और नीदरलैंड के अनीष गिरी की बाजी ड्रॉ रही। पहले दौर के बाद केमर और शेंकलैंड एक अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा, अरविंद, गिरी, लिएम ली, डेइ वान और नवारा आधे अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में चुनौती पेश कर रही एकमात्र महिला और एकमात्र भारतीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख को स्पेन के इवान सेलगाडो लोपेज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

### वाणी ने महिला पीजीटी का जीता चौथा चरण

**मुंबई।** वाणी कपूर ने अंतिम दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से बृहस्पतिवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के चौथे चरण का खिताब जीता। वाणी का कुल स्कोर एक ओवर 211 रहा। यह वाणी की 2024 सत्र के 12वें चरण के बाद पहली जीत है। वाणी ने 11वें और 13वें होल में बर्डी की और इस समय वह दो एमेच्योर खिलाड़ियों सानवी सोमू और अनुराधा चौधरी से पीछे थीं। सानवी कल तक शीर्ष पर थीं। वाणी ने इसके बाद वापसी करते हुए 15वें होल में बर्डी की जबकि इसी होल में अनुराधा ने बोगी की। इससे अनुराधा एक शॉट की बढ़त गंवाकर एक शॉट से पीछे हो गईं। सानवी ने भी 15वें, 17वें और 18वें होल में बोगी की। अनुराधा ने दो ओवर के कुल स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि सानवी तीन ओवर के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। स्नेहा सिंह (66) और रिद्धिमा दिलावरी (67) ने भी संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

### कप्तान गार्डनर के अर्धशतक से जायंट्स ने आरसीबी को हराया

**बेंगलुरु।** कप्तान एशली गार्डनर की अर्धशतकीय पारी से गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मैच में बृहस्पतिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी को सात विकेट पर 125 रन पर रोकने के बाद गुजरात की टीम ने 16.3 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। गार्डनर ने 31 गेंद में 58 रन की पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े। गार्डनर ने फोबे लिचफील्ड (नाबाद 30) के साथ चौथे विकेट के लिए 36 गेंद में 51 रन की साझेदारी कर मैच को आरसीबी की पकड़ से दूर कर दिया। आरसीबी की यह लगातार तीसरी हार है। आरसीबी के लिए रेणुका सिंह ठाकुर और जॉर्जिया वेरहैम ने दो-दो विकेट चटकाये। इससे पहले डिएंड्रा डॉटिन (31 रन पर दो विकेट) और बायें हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (16 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गुजरात की टीम ने आरसीबी को उसके सबसे कम स्कोर के बराबरी पर रोक दिया। आरसीबी के लिए कनिका आहूजा (28 गेंदों पर 33 रन) और राघवी बिष्ट (19 गेंदों पर 22 रन) ने चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 48 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करते हुए बेथ मूनी और दयालन हेमलता ने शुरुआती ओवरों में संभल का बल्लेबाजी की।

## 2025 धोनी का आखिरी आईपीएल! खास 'कोड' के साथ चेन्नई पहुंचे माही

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपने आईपीएल भविष्य पर एक क्रिप्टिक मैसेज के साथ इंटरनेट पर तहलका दिया है। आईपीएल 2025 से पहले वह अपनी टीम के साथ जुड़ने के लिए चेन्नई पहुंचे। हालांकि, उनके वहां पहुंचने से ज्यादा चर्चा उनकी टी-शर्ट की हो रही है। सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि टी-शर्ट पर कोड के रूप में एक क्रिप्टिक मैसेज था जो बताता है कि आईपीएल 2025 उनका आखिरी आईपीएल होगा। फैंस ने टी-शर्ट पर संदेश को डिकोड कर पर सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर भी साझा की है। फैंस का कहना है कि यह एक मोर्स कोड है जिसका अनुवाद 'एक आखिरी बार' (वन लास्ट टाइम) है। धोनी हाल ही में जियो हॉटस्टार



स्टूडियो में अभिनेता सनी देओल के साथ भारत-पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी मैच देखते दिखे थे। उससे पहले वह संजू सैमसन के साथ एक कार्यक्रम का भी हिस्सा बने थे। इससे पहले धोनी ने कहा था कि फिट रहने और आईपीएल के दो महीने के लिए तैयार रहने के लिए काफी कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।

### तरुण, उन्नति, रक्षिता क्वार्टर फाइनल में

**मुलहेम एन डेर रूर (जर्मनी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थारुन मन्नेपल्ली, उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री संतोष रामराज गुरुवार को जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। राष्ट्रीय खेलों (2023) के स्वर्ण पदक विजेता मन्नेपल्ली को कनाडा के आठवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग को 21-14, 15-21, 21-17 से हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। उन्नति ने जापान की असुका ताकाहाशी को 21-13, 21-19 से आसानी से हराया। रक्षिता भी हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी पर जीत हासिल कर अगले दौर में पहुंचने में सफल रही। युगल में आठवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने जर्मनी के जोन्स राल्फी जानसन और थुक फुओंग गुयेन को 21-10, 21-19 से हराया। प्रियांशु रजावत, किरण जॉर्ज और आकर्षि कश्यप को एकल में हालांकि हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में अशीथ सूर्या और अमृता प्रमथेश की भारतीय जोड़ी को भी शिकस्त झेलनी पड़ी।

### दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल बाद चैंपियन बनने को आतुर

# ऑस्ट्रेलिया-अफगानिस्तान मैच का विजेता खेलेगा सेमीफाइनल

एजेंसी ▶▶| लाहौर

क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया और शीर्ष टीमों के बीच तेजी से अपनी जगह बना रहा अफगानिस्तान शुक्रवार को जब यहां चैंपियंस ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे तो दोनों सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेंगे।

बुधवार को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड पर आठ रन की यादगार जीत के बाद अफगानिस्तान के पास लगातार दूसरी बार किसी वैश्विक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने का अच्छा मौका है। टीम ने एक साल से भी कम समय पहले अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के अंतिम चार चरण में



प्रवेश किया था। ऑस्ट्रेलिया भी जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। हालांकि यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो लेकिन टीम अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के बिना खेल रही है।

दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के अंतराल के बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब फिर से हासिल करना चाहेगा। शीर्ष तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जानता है कि उसकी ताकत बल्लेबाजी में है। टीम के पास ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी हैं जो विपक्षी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने में सक्षम हैं।

### मजबूत गेंदबाजी आक्रमण

जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है तो उनकी बल्लेबाजी की अगुआई सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान करेंगे जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की पारी खेली जो अब चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में नहीं लेगा और अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने इंग्लैंड पर जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात स्वीकार की। लेकिन ट्रॉट के पास चिंता करने की कोई वजह नहीं है क्योंकि उनके पास अजमतुल्लाह उमरजई की अगुआई में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। टीम के पास राशिद खान, मोहम्मद नबी और नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी भी है।

## चिंतन

# यूएन में कश्मीर का राग अलापना बंद करे पाक

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत की है। स्विटज़रलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें नियमित सत्र में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। यह नई बात नहीं है। यूएन के हर सत्र में पाकिस्तान कश्मीर राग अलापता रहा है। भारत ने बार-बार स्पष्ट किया है कि जम्मू-कश्मीर व लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत पाकिस्तान के साथ केवल आतंकवाद के खात्मे के बाद ही कोई बात करेगा। ऐसे में पाक का यूएन में कश्मीर मुद्दे को उठाना अपने अवसर का जाया करना है। यूएन में अपने उत्तर देने के अधिकार के तहत भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मदद पर टिका एक नाकाम देश कर्तव्यनिष्ठा से अपने सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ द्वारा फैलाए गए झूठ को आगे बढ़ाता है। आतंकवाद को शह देने के नीतिगत एजेंडे के चलते आज पाकिस्तान अलग-थलग पड़ा हुआ है, टेरर फंडिंग समेत अन्य आतंकवादी वित्तीय गतिविधियों के चलते वह फ्रांस स्थित एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में है। इससे पहले कई बार ब्लैक लिस्ट में रह चुका है। आजादी के बाद पाक अवैध रूप से कबायली वेष में कश्मीर में घुसा था। उस वक्त एकीकृत जम्मू-कश्मीर राज्य का भारत में विधिवत विलय हो चुका है। इसके बाद से कश्मीर के कुछेक हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है, जो पीओके है। भारत चाहता है कि पाकिस्तान पीओके क्षेत्र से अपना अवैध कब्जा खत्म करे, वह हिस्सा भारत का है। भारत अपना हिस्सा लेने को प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को कश्मीर को लेकर निराधार व दुर्भावनापूर्ण संदर्भ बयां नहीं करना चाहिए। यह खेदजनक है। वह हमेशा अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल करता है। विश्व में सबके सामने कश्मीर को लेकर स्थिति साफ है, यह भारत का अभिन्न हिस्सा है। पाकिस्तान में सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ को दुनिया ने देखा, जब अमेरिका ने पाक के सैन्य क्षेत्र से ओसामा बिन लादेन को पकड़ा और मारा। पाक की फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई नीतिगत रूप से आतंकवाद को पालती-पोसती रही है और कश्मीर में उसका दुरुपयोग करती रही है। आज 32 से अधिक छोटे व बड़े आतंकी गुट पाकिस्तान में सक्रिय हैं। अनेक घोषित ग्लोबल टेररिस्ट पाक में हैं। मौजूदा समय में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में आजादी के बाद से ही हुई अभूतपूर्व, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तरक्की खुद ही सबकुछ बयां कर रही है। पाकिस्तान को यूएन मानवाधिकार परिषद का वक्त नहीं बर्बाद करना चाहिए। उसको भारत के बारे में सोचने से ज्यादा अपने देश के नागरिकों की मुश्किलें दूर करने पर ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) का भी मजाक बना रहा है, वहां कश्मीर राग का कोई मतलब नहीं है। वह (पाकिस्तान) इसे (ओआईसी) अपना मुखपत्र बताकर दुष्प्रचार को बढ़ावा देकर इसका दुरुपयोग कर रहा है। पाकिस्तान की हर कारगुजारियों से भारत वाकिफ है। अपनी करतूतों की वजह से ही आज पाकिस्तान की ऐसी हालत है और दुनिया में चीन व तुर्किये के अलावा किसी देश से अच्छे संबंध नहीं हैं। इमदाद के भरोसे जीने वाले पाकिस्तान को अपने हालात सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। यूएन में कश्मीर गीत गाने से भारत पर कुछ भी नहीं होने वाला है, कश्मीर भारत का था, है और सदा रहेगा।



विश्लेषण
सुरेश पचौरी


> प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है। भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है।

# महाकुंभ से सनातन धर्म का बढ़ा गौरव

माघे मासे गंगे स्नानं यः कुरुते नरः ।
युगकोटिसहस्राणि तिष्ठंति पितृदेवताः।।

स्कंद पुराण में उल्लेख है कि माघ मास में गंगा में स्नान करने वाले व्यक्ति के पितर युगों-युगों तक स्वर्ग में वास करते हैं। कितना ही बिरला अवसर है कि प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है। सुरक्षा, सुविधाएं और सुगमता प्रदान करने के जतन के साथ ही साथ इस आयोजन को पर्यावरण अनुकूल बनाने के विशेष प्रयास हुए, यह स्तुत्य है। इन प्रयासों ने महाकुंभ को केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकारों के प्रति चेतना का संदेश भी दिया। हमारी भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है। भगवान आदि शंकराचार्य ने भारतीय जनमानस में धर्म की भावना जगाने और संस्कृति की चेतना मजबूत करने के लिए देश के चार कोनों पर चार मठ बनाये। पूर्व में जगन्नाथपुरी पश्चिम में द्वारिका, उत्तर में जोशीमठ तथा दक्षिण में श्रंगेरी मठ। आदि शंकराचार्य ने देश की चार प्रमुख नदियों गंगा, यमुना, क्षिप्रा व गोदावरी के तट पर चार शहरों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में चार कुंभ-मेलों के आयोजन की रूपरेखा रची। कुंभपर्व का आधार खगोलीय घटना है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ग्रहों की गति और उनके मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कर कुंभ मेलों के आयोजन की तिथियां और स्थान तय होते हैं। 12 साल के अंतराल से सूर्य और गुरु की राशि विशेष में स्थिति कुंभ पर्व का समय और स्थल निर्धारित करते है। कुंभ को लेकर पौराणिक आधार भी है। देवताओं और दानवों ने समुद्रमंथन किया। इस मंथन में अमृत निकला। अमृत के बंटवारे की छीना छपटी में अमृत कलश से कुछ बूंदें छलकी। ये अमृत बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में गिरीं। इन शहरों के पास से बहने वाली नदियां गंगा, यमुना, गोदावरी, एवं क्षिप्रा अमृतमयी हो गई। इन्ही स्थलों पर कुंभपर्व आयोजित किया जाता है। कुंभ पर्व नदियों के महत्व का महापर्व है। यह विविधता में एकता प्रदर्शित करने में केन्द्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ पर्व 'वसुधैव कुटंबकम' की भावना को साकार करता है। यह आयोजन सर्वसमावेशी संस्कृति एवं भारतीय चिंतन की वैज्ञानिकता का प्रतीक है। कुंभ महापर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। महाकुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन दर्शन को वैश्विक पहचान मिली है। यह पर्व केवल स्नान का पर्व नही है बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का अवसर है। भारतीय सनातन परंपरा में



यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का सदियों से परिचायक रहा है और आगे भी रहेगा। इस वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित कुंभ अपने आयोजन के आरंभ से ही अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता रहा है। प्रतिदिन औसतन 1.5 करोड़ लोग कुंभ में गंगा स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे हैं। देश ने सनातन की ऐसी जबरदस्त ताकत पहले कभी नहीं देखी। विश्व चकित है। पूरी दुनिया अचरज से सनातन संस्कृति की प्रस्फुटित होती इस शक्ति को समझने की कोशिश कर रही है। महाकुंभ के भव्य दृश्यों ने हमें हतप्रभ किया है और अपनी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं के प्रति गहन आस्था और गौरव से भर दिया है। महाकुंभ का संपूर्ण मानवता को स्पष्ट संदेश है कि आस्था और आध्यात्म में कोई भेद नहीं होता। यहां कोई भी जाति या वर्ग का भेद नहीं होता। यहां राजा हो या रंक, साधु हो या गृहस्थ सब मां गंगा की गोद में पुण्य अर्जित करने आते हैं। यह समरसता ही कुंभ की सबसे बड़ी विशेषता है। प्रयागराज का कण-कण अलौकिकता का स्मरण कराता है। त्रिवेणी स्नान के दौरान जो शांन्ति और दिव्यता का अनुभव होता है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। महाकुंभ में स्नान केवल धार्मिक कार्य मात्र नहीं है, बल्कि आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। महाकुंभ में आकर यह अनुभव होता है कि सनातन धर्म केवल पूजा पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की एक महान परंपरा है। साधु संतों के प्रवचन मंत्रों की ध्वनि अखाड़ों की भव्यता और गंगा आरती का सौन्दर्य मन में ईश्वरीय अनुभूति कराता है। मेरे लिए वे असीम शांति और गौरव के पल थे, जब मैंने पुण्य भूमि प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में स्नान कर मां गंगा की पूजा-अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट की।

किसी भी श्रद्धालु की तरह मेरे लिए भी यह असीम आनंद के क्षण थे। गंगा तटों पर गूंजती मंत्रध्वनियां, हवनकुंडों से उठती धूप की सुवास आयोजन को दिव्यता प्रदान करती है। इस संकल्पना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व स्तुत्य और स्मरणीय है। मैंने अनुभव किया कि गंगा मैया में लगाई गई हर डुबकी एक अलौकिक आनंद की अनुभूति करवाती हैं। आत्मा निर्मल होकर परमतत्व से साक्षात्कार करती है। इसी साक्षात्कार के उपरांत यह कह सकता हूं कि 2025 का प्रयागराज महाकुंभ एक आयोजन ही नहीं अपितु सनातन की जीवंत धरोहर बनकर प्रकट हुआ है। इस दिव्यता को प्रधानमंत्री माननीय मोदी के कथन में भी अनुभूत किया जा सकता है। प्रयागराज में गंगा स्नान के उपरांत यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा था-'प्रयागराज में महाकुंभ में आकर धन्य हो गया। संगम पर स्नान एक दिव्य जुड़ाव का क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह मैं भी भक्ति की भावना से भर गया।' प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रार्थनाओं में हमारी प्रार्थना के स्वर भी शामिल हैं। यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के सभी सनातनधर्मियों को नया गौरव प्राप्त हुआ है। उनके शासनकाल में हमारी आस्था के प्रतीकों और धार्मिक स्थलों का पुनरूत्थान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरीडोर, महाकाल लोक परियोजना, केदारनाथ मंदिर एवं जगन्नाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण जैसे श्रेष्ठतम कार्यों से भारत का सांस्कृतिक वैभव प्रतिष्ठित हुआ है तथा लोक आस्था के महत्व में अद्वितीय वृद्धि हुई है। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का यह महाकुंभ उत्सव सभी के जीवन में नयी ऊर्जा और उत्साह का संचार करे, यही ईश्वर से प्रार्थना है। मेरा मानना है कि महाकुंभ 2025 के माध्यम से जागृत हुई सनातन की यह चैतन्य धारा राष्ट्रहित में प्रवाहित होकर एक नये भारत के निर्माण में सहायक होगी।

(लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## संस्कृति
विवेक शुक्ला



# महाकुंभ में सात समंदर पार से आए भक्तों की भी उमड़ी आस्था

महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान के साथ ही महाकुंभ समाप्त हो गया। पूरे कुंभ के दौरान संगम शहर में करोड़ों भक्त पहुंचे। उन भक्तों की भी संख्या अनगिनत रही जो दुनिया के कोने-कोने से डुबकी लगाने के लिए पहुंचे थे। इनमें भारतवंशियों से लेकर विदेशी शामिल थे। इस तरह दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम का रंग वैश्विक हो गया। प्रयागराज के होटलों, बाजारों और गंगा के आसपास लगातार विदेशी भक्त दिखाई देते रहे। वैश्वीकरण और इंटरनेट ने संस्कृतियों को जोड़ा है। इसके चलते महाकुंभ पर सारे संसार की निगाहें थीं। हालांकि हरेक कुंभ में विदेशी आते हैं, पर इस बार इनका आंकड़ा अनगिनत रहा। अमेरिका के न्यूयार्क शहर से 25 वर्षीय मारिया महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए संगम शहर आईं थी। "मैं यहां 15 दिनों से अधिक समय तक रहने के लिए आई हूं। यह मेरा पहला अनुभव है। मेरे देश में, मुख्य रूप से हिंदू समुदाय कुंभ के बारे में जानता है, लेकिन मुझे संदेह है कि क्या हमारे जैसे अमेरिकी इस आयोजन और इसके विशाल कैनवास के बारे में जानते हैं।' मारिया जैसे न जाने कितने विदेशी पवित्र गंगा में स्नान करने, साधुओं के विचार सुनने और इतने बड़े स्तर के आयोजन को अपनी आंखों से देखना चाह रहे थे। दिल्ली से 16 फरवरी को प्रयागराज जा रही इंडिगो की उड़ान में दक्षिण अफ्रीका से कुंभ स्नान के लिए जा रहे करीब दो दर्जन भारतवंशी भी सवार थे। इनके पुरखे एक सदी से भी पहले दक्षिण अफ्रीका जाकर बस गए थे। इस टोली में पेशे से स्कूल टीचर राम पिल्ले भी थे। वे डरबन शहर में रहते हैं। डरबन को मिनी इंडिया कहा जाता है दक्षिण अफ्रीका में। राम की उम्र होगी करीब 40 साल। कह रहे थे कि पहली बार भारत आया हूं। मैं अपने पुरखों के देश में आकर कितना अच्छा महसूस कर रहा हूं, इसे बताना मेरे लिए संभव नहीं है। अब इससे ज्यादा आनंद की क्या बात हो सकती है कि मुझे कुंभ में शामिल होने का भी अवसर मिला है। भारत के बाहर से संभवतः सर्वाधिक भारतवंशी अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल और केन्या से कुंभ में भाग लेने के लिए आए। "मुझे साधुओं की उपस्थिति में रहने और उनके प्रवचन सुनने का सौभाग्य मिला है। यह अप्रतिम अनुभव रहा। यह दूसरी बार है जब मैं भारत आया हूं। मैं मानता हूं कि जनभागेदारी के लिहाज से कुंभ के सामने ओलंपिक खेल भी कुछ नहीं हैं," यह बात न्यूजीलैंड के एस. डेविड ने कही। कइयों के लिए कुंभ में आना उनके जीवन भर के अहम ख्वाब का पूरा होने जैसा है। ये लंबे समय से इस अतुलनीय आयोजन में भाग लेने की योजना बना रहे थे। 61 साल के डेरिक पीटर ने कुछ साल पहले अपना नाम बदलकर राधा श्याम रख लिया है। वे अमेरिका के शहर न्यूजर्सी से आए हुए थे। "मैं बीते करीब 20 सालों से कुंभ मेले में भाग लेने का सपना देख रहा था। मुझे एक बार कुंभ का एक ब्रोशर मिला। हालांकि मुझे भारत के बारे में बहुत कम जानकारी थी, लेकिन गंगा में खड़े हजारों अन्य लोगों के बीच एक साधु की छवि ने मेरा ध्यान खींचा। इसमें लिखा था, 'माँ गंगा में स्नान करने आओ।' उस पल, मैंने खुद से कहा, 'एक दिन, मैं वहां जाऊंगा।' अब मेरा सपना सच हुआ है, और मैं परम आनंद की स्थिति में हूं।" कहने वाले कह रहे हैं कि इस बार महाकुंभ करीब 60 से अधिक देशों के राजनयिकों और नागरिको ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर अपने जीवनसाथियों के साथ पवित्र डुबकी लगाई। कोलंबिया के राजदूत विक्टर चावेरी ने कहा- 'यह मेरे जीवन का एक अद्भुत अनुभव रहा।' भारतीय संस्कृति बेहद समृद्ध है और यहां संदेश शांति और मानवता के लिए है। जब आप गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर इतने सारे लोगों को आध्यात्मिकता में डूबा हुआ देखते हैं, तो एक अजीब शक्ति महसूस होती है। इस बीच, रूसी नागरिक अलेक्जेंडर और उनकी पत्नी त्रिवेणी घाट पर ही मिले। डुबकी लगा चुके थे। कह रहे थे- 'हमें यहां स्नान करने के बाद अपार आध्यात्मिक शांति मिली। भारत बहुत विविध और इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं।' प्रयागराज एयरपोर्ट में अधिकतर विदेशी दिल्ली और मुंबई के रास्ते पहुंच रहे थे। दक्षिण अफ्रीका से राम नायडू भी प्रयागराज में आए हुए थे। उनके पूर्वज आंध्र प्रदेश से दक्षिण अफ्रीका में जाकर बसे थे। नायडू कह रहे थे- 'हम भारतवंशियों के दिलों में बसता है भारत। कुंभ का आयोजन वास्तव में अद्भुत रहा। यहां लाखों लोग इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने और मुझे यह देखकर गर्व हुआ कि हमारी भारतीय संस्कृति कितनी समृद्ध और गहरी है। हम भाग्यशाली हैं कि हम मूल रूप से भारतीय हैं।' तो कह सकते हैं कि कुंभ में सात समंदर पार से आने वाले भी कम नहीं रहे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ईश्वर की प्राप्ति ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
**दर्शन**

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।


# ह्रदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्कूली शिक्षा में मोबाइल आने से छात्रों को नुकसान

ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार छात्रों के निजी मोबाइल पर आने वाला एक छोटा सा भी नोटिफिकेशन उनके ध्यान में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। एक अन्य प्रसिद्ध शोध श्रमिकों पर 2008 में हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष दिया कि एक बार ध्यान भटकने पर, अपने मूल कार्य पर पुनः ध्यान केंद्रित करने में औसतन 23 मिनट और 15 सेकंड का समय लगता है। ऐसी ही स्थिति एक छोटे से नोटिफिकेशन के आने से विद्यार्थियों की होती है जिनके पास स्मार्टफोन हैं। कई यूरोपीय देशों जैसे बेल्जियम, स्पेन और ब्रिटेन के स्कूलों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक से छात्रों द्वारा सीखने के परिणामों में सुधार हुआ। भारत में मोबाइल और डिजिटल गैजेट्स के स्कूली शिक्षा में आने से बच्चों की स्मरण शक्ति क्षीण हो रही है जो शिक्षा प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है।

*– प्रतीक शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# चीन के सैन्य अभ्यास की ताइवान ने की निंदा



ताइवान ने उसके दक्षिण-पश्चिम तट पर सैन्य अभ्यास के लिए बृहस्पतिवार को चीन की निंदा की। चीन ने स्व-शासित द्वीप के दक्षिण-पश्चिमी तट पर गोलीबारी अभ्यास करने के लिए एक क्षेत्र निर्धारित किया है। चीन इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जिसे जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक लिया जा सकता है और हाल के वर्षों में उसने ताइवान के जल एवं हवाई क्षेत्र के आसपास सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 'चीन क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए सबसे बड़ा संकट है तथा ताइवान जलडमरूमध्य और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए वह एकमात्र और सबसे बड़ा खतरा है।' ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 24 घंटे की अवधि में उसने ताइवान के आसपास 45 विमानों, 14 नौसैनिक जहाजों और चीनी सेना के एक जहाज को देखा, जिनमें से 34 उसके जल और हवाई क्षेत्र में घुस आए थे। ताइवान ने इस बारे में विस्तार से कोई जानकारी दिए बिना कहा कि उसने इसका 'माकूल जवाब' दिया।

## ऑफ बीट

# क्वांटम नेवीगेशन यात्रा के तरीके को बदल सकता है



जीपीएस जैसी वैश्विक नेवीगेशन उपग्रह प्रणालियां आधुनिक समाज में गहराई से समाहित हैं। हम नेवीगेशन, ऑर्डर की आपूर्ति करने और फोटो लोकेशन टैग करने के लिए रोजाना इनका इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इनका असर सुविधा से कहीं ज्यादा है। पृथ्वी की कक्षा में उपग्रहों से समय संकेत स्टॉक मार्केट कारोबार को प्रमाणित करते हैं और बिजली ग्रिड को संतुलित करने में मदद करते हैं। कृषि में, उपग्रह नेवीगेशन सुदूर संवेदी तकनीकों से ट्रैक्टरों के संचालन में मार्गदर्शन मिलता है और मवेशियों को इकट्ठा करने में मदद करता है। आपातकालीन सेवाएं त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नेवीगेशन उपग्रह प्रणालियों पर निर्भर करती हैं, जिससे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने में लगने वाला समय कम हो जाता है। अपने लाभों के बावजूद, जीपीएस जैसी प्रणालियां काफी असुरक्षित हैं। उपग्रह सिग्नल जाम हो सकते हैं या उनमें हस्तक्षेप हो सकता है। अंतरिक्ष का वातावरण भी स्थिर नहीं है। सूर्य नियमित रूप से प्लाज्मा के विशाल पुंज निकालता है, जिससे सौर तूफान पैदा होते हैं। ये उत्सर्जन पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराते हैं, जिससे उपग्रहों और जीपीएस संकेतों में बाधा उत्पन्न होती है।

## ट्रेंड

### सशक्त नींव



महाकुंभ में जिस भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की है वो सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और विरासत को सुदृढ़ और समृद्ध रखने के लिए कई सदियों की एक सशक्त नींव भी रख गया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### आर्थिक विकास



सौ करोड़ भारतीय नागरिकों के पास खर्च करने के लिए कोई अतिरिक्त आय नहीं है। हमारी जीडीपी का 60 प्रतिशत उपभोग पर निर्भर है। लेकिन भारत में केवल शीर्ष 10 प्रतिशत लोग ही ऐसे हैं जो आर्थिक विकास और उपभोग को बढ़ावा देते हैं।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### बड़ी चीजें छोटे पैकेज में



कभी-कभी, बड़ी चीजें छोटे पैकेज में हो सकती हैं। असम में मुझे ये अहसास बहुत शिद्दत से हुआ। इसमें तेल के क्षेत्र में दुनिया का सातवां मेगा बेसिन बनाने की संभावना है। यह कई छोटे कुओं के अमेरिकी मॉडल का अनुसरण कर सकता है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### मोटापे का कारण



भारत किशोर मधुमेह की विश्व राजधानी बन गया है। शहरी जीवनशैली में बदलाव का मतलब प्रसंस्कृत भोजन और कोला की ओर बदलाव है जो मोटापे का कारण बनता है। हालांकि, कोला के विज्ञापन करने वाले स्टार्स को पैसों की ज़रूरत नहीं है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायकों ने रखे कई प्रस्ताव

# नजफगढ़ का नाहरगढ़, महोमदपुर का माधव पुरम और मुस्तफाबाद का नाम 'शिवपुरी' हो

### भाजपा विधायकों नीलम पहलवान, अनिल शर्मा और मोहन बिष्ट ने की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के मौजूदा सत्र का गुरुवार को तीसरा दिन था। विपक्ष के 21 विधायकों के सस्पेंड होने के बाद सदन में केवल सत्ताधारी भाजपा विधायक ही मौजूद रहे। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर सीएम योगी और पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। इसके बाद अन्य विधायकों ने क्षेत्र की समस्याओं को रखा।

इस दौरान नजफगढ़ से भाजपा विधायक नीलम पहलवान ने सदन में नजफगढ़ का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ करने की मांग की। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने इसका नाम नाहरगढ़ से बदलकर नजफगढ़ रखा था। नीलम ने कहा कि 1857 की लड़ाई में राजा नाहर सिंह ने लड़ाई लड़के नजफगढ़ क्षेत्र को दिल्ली के प्रांत में शामिल करवाया था, लेकिन कई कागजी कार्रवाई होने के बावजूद भी आज तक नाम नहीं बदला गया।




**3 विधायक कर चुके नाम बदलने की वकालत**

आरके पुरम से भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने भी अपनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव महोमदपुर का नाम बदलने की मांग की और कहा कि महोमदपुर का नाम माधवपुरम रखा जाए। इससे पहले विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने मुस्तफाबाद का नाम बदलने की मांग करते हुए कहा था कि इसका नाम 'शिवपुरी' या 'शिव विहार' रखा जाए।



### शीशमहल की भी जांच कराई जाएगी: प्रवेश

मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि बारापुला परियोजना की लागत पहले ही स्वीकृत राशि से दोगुनी हो चुकी है। कंपनी ने मुझे बताया है कि पिछले 10 सालों में कोई भी मंत्री फॉलो-अप के लिए नहीं आया। कई परियोजनाओं की लागत फॉलो-अप न होने के कारण दोगुनी हो गई है। कैग रिपोर्ट पर उन्होंने कहा कि हम 2000 करोड़ के घोटाले पर चर्चा करेंगे। शीशमहल की भी जांच कराई जाएगी।

### आबकारी नीति पर कैग रिपोर्ट पीएसी को भेजी

विधानसभा ने आबकारी नीति पर कैग रिपोर्ट पीएसी को भेजी। वह तीन महीने में अपनी सिफारिश देगी। इससे पहले सभी विभागों को रिपोर्ट के संबंध में एक महीने के अंदर अपना जब फाइल करना है।

### बिष्ट को उपाध्यक्ष चुना गया



भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट को विधानसभा का उपाध्यक्ष चुना गया। वे छठी बार विधायक बने हैं। वह पांच बार करावल नगर से जीते थे, जबकि इस बार मुस्तफाबाद से टिकट दिया गया था।

### आप ने कोई घोटाला छोड़ा ही नहीं: सिरसा

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आप सरकार ने दोनों हाथों से जनता को लूटा है। शराब घोटाला, स्कूल घोटाला, बस घोटाला और अब कैमरा घोटाला भी सामने आ रहा है।



### धरने पर बैठीं आतिशी

दिल्ली विधानसभा परिसर के बाहर आम आदमी पार्टी के विधायक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उन्हें और उनकी पार्टी के विधायकों को विधानसभा परिसर के अंदर घुसने नहीं दिया जा रहा है। विपक्ष के तौर पर अमानतुल्लाह खान विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा ले रहे हैं। जिस दिन एलजी का अभिभाषण था उस दिन अमानतुल्लाह अनुपस्थित थे। इसलिए उन्हें बाहर नहीं किया गया था।आप ने आरोप लगाया कि दिल्ली में तानाशाही चल रही है। अधिकारी बता रहे हैं कि ऐसा वह विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के आदेश पर कर रहे हैं।

### प्राचीन नौसैन्य संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए लांच हुआ पहला लकड़ी का जहाज

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत में प्राचीन काल में प्रयोग किए जाने वाले सिले हुए लकड़ी के जहाज (लकड़ी की नाव) का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। बीते बुधवार को रियर एडमिरल के.एम. रामाकृष्णन (एफओके) ने इसे गोवा में लांच किया। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि इस बाबत मेसर्स होडी इनोवेशन लिमिटेड ने गोवा में एक कार्यक्रम आयोजित किया था। जिसमें जहाज निर्माण से जुड़े प्राचीन कारीगर, नौसेना और शिपयार्ड कर्मी शामिल है। इस जहाज का बनकर तैयार होना भारत की जहाज निर्माण की प्राचीन विरासत में एक मील का पत्थर साबित होगा। नौसेना ने कहा कि इसे प्राकृतिक रूप से बनाया गया है, जिसमें लकड़ी, नारियल की जटा और रेजिन का प्रयोग किया गया है।

### अब दिल्ली से जयपुर मात्र 30 मिनट में जाएं!

**नई दिल्ली।** अब दिल्ली से जयपुर मात्र 30 मिनट में पहुंच पाएंगे। जल्द ही यह सपना साकार होने जा रहा है। देश का पहला हाइपरलूप परीक्षण ट्रैक बनकर तैयार हो चुका है, जिस पर अब ट्रेन 1100किमी की रफ्तार से दौड़ने वाली है। नई टेक्नोलॉजी से लैस यह ट्रांसपोर्ट सिस्टम भारत में नई क्रांति लाने वाला है। इस ट्रैक को भारतीय रेलवे और आईआईटी मद्रास के सहयोग से तैयार किया गया है। इसकी लंबाई 422 मीटर है। भविष्य में दुनिया की सबसे तेज बुलेट ट्रेन से भी कई अधिक गुना स्पीड से एक शहर से दूसरे शहरों में पहुंचा जा सकेगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 422 मीटर तैयार हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक का एक वीडियो एक्स पर शेयर किया है। हाईपरलूप को एक तरह का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम माना जा रहा है, जो ट्रेन को एक खास तरह के ट्यूब में चलाने की तकनीक पर आधारित है।

## खरगे का प्रधानमंत्री पर हमला

# विकसित भारत का विचार गरीबों की जेबें 'काट रहा'

### राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कही यह बात



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को दावा किया कि 100 करोड़ भारतीयों के पास कोई अतिरिक्त आय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत' दृष्टिकोण आम लोगों की जेबें खाली कर रहा है और चुनिंदा अरबपतियों का खजाना भर रहा है। खरगे ने कहा कि भारत एक वैश्विक कर (टैरिफ) युद्ध और व्यापार में बाधाओं का सामना कर रहा है और केंद्रीय बजट में की गईं घोषणाएं 'निराशाजनक' साबित हुई हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नरेंद्र मोदी जी, सौ करोड़ भारतीयों के पास खर्च करने के लिए कोई अतिरिक्त आय नहीं है। हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 60 फीसदी उपभोग पर निर्भर है।

### करदाताओं का वेतन नहीं बढ़ा

उन्होंने कहा कि भारत की 50 फीसदी मध्य वर्गीय करदाताओं ने पिछले दशक में वेतन में वृद्धि नहीं देखी है। ग्रामीण मजदूरी नकारात्मक वृद्धि का सामना कर रहा है। पैसा कुछ ही लोग एकत्र कर रहे हैं और आपकी नीतियां सभी लोगों के बीच आय वितरित करने में विफल रही है।

### उच्चतम स्तर पर आय असमानता

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि बीते दस वर्षों में स्थिर वेतन, लगातार महंगाई और घटते उपभोग के कारण घरेलू बचत 50 साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है।

### युवाओं के लिए बेरोजगारी असहनीय

खरगे ने कहा कि हम एक वैश्विक कर (टैरिफ) युद्ध और व्यापार बाधाओं का सामना कर रहे हैं। बेरोजगारी हमारे युवाओं के लिए असहनीय हो गई है। बजट में की गईं घोषणाएं निराशजनक साबित हुईं। आपका विकसित भारत का दृष्टिकोण आम भारतीयों की जेबें खाली कर रहा है और चुनिंदा अरबपतियों की तिजोरियां भर रहा है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा अल्पसंख्यक की बैठक में भिड़े कार्यकर्ता

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई। अध्यक्षता



अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के नव-निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ मौजूद रहे। इस बैठक में कई कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

### शिमला में छात्रा का अपहरण, मामला दर्ज

**शिमला।** यहां के एक कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने



अपहरण की धाराओं के तहत केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। छात्रा के परिजनों ने शिकायत में बताया कि उनकी बेटी निजी कॉलेज में पढ़ती है। मंगलवार दोपहर करीब पौने चार बजे उन्हें अपनी बेटी के नंबर से कॉल आया। इसमें अपहरण की बात पता चली।

## डीएनपीए को भेजे संदेश में बोले

# परिवर्तन के दौर में महत्वपूर्ण रूप से उभरा डिजिटल मीडिया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मोदी सरकार के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन को डीएनपीए कॉन्क्लेव 2025 आयोजन के लिए बधाई दी। डीएनपीए कॉन्क्लेव 2025 का अयोजन 27 फरवरी को नई दिल्ली में किया गया। डीएनपीए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के भारत के शीर्ष 18 प्रकाशकों की डिजिटल इकाइयों का संगठन है। सम्मेलन के लिए अपने संदेश में सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि डीएनपीए में अपने सभी सहयोगियों को बधाई देता हूं।

### युवाओं ने डिजिटल मीडिया को पूरी तरह अपनाया

*आपके प्रयास प्रशंसनीय हैं। यह एक शानदार सम्मेलन है। इसके माध्यम से आज के डिजिटल मीडिया परिदृश्य और आगे बढ़ती दुनिया में पारंपरिक से नए मीडिया में परिवर्तन पर बेहतरीन चर्चाएं होंगी। मैं निश्चित रूप से जानना चाहूंगा कि इन चर्चाओं से क्या सुझाव सामने आते हैं। केंद्रीय मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि आज मीडिया जगत एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पारंपरिक मीडिया के साथ-साथ डिजिटल मीडिया भी महत्वपूर्ण रूप से उभरा है। इसमें अखबार और टेलीविजन जैसे प्रमुख माध्यम शामिल हैं। कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। खासकर युवा पीढ़ी ने डिजिटल मीडिया को पूरी तरह से अपना लिया है।*

### भारत में डिजाइन हुए और बने लैपटॉप की झलक आई सामने



**नई दिल्ली।** भारत सरकार की ओर से 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में केंद्रीय रेलवे इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में भारत में डिजाइन और मैन्युफैक्चर हुआ लैपटॉप दिखाया। वीडियो में दिखाया गया स्वदेशी लैपटॉप इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर में देश की बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन क्षमता को दिखाता है। क्लिप में वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज के सीईओ पुनीत अग्रवाल ने हार्डवेयर से लेकर सॉफ्टवेयर तक लैपटॉप के पूरे मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस को बताया। वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज एक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और प्रोडक्ट इंजीनियरिंग कंपनी है। कंपनी के पास एंड-टू-एंड प्रोडक्ट डेवलपमेंट में विशेषज्ञता है। साथ ही डिजाइन और प्रोटोटाइप से लेकर लार्ज-स्केल मैन्युफैक्चरिंग की भी क्षमता है।

### भाजपा फर्जी वोटरों की मदद से दिल्ली जीती : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में कहा, 'भाजपा ने दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव फर्जी वोटों के जरिए जीता। इसमें चुनाव आयोग ने मदद की।' ममता ने कहा- भाजपा नेताओं ने चुनाव आयोग के ऑफिस में बैठकर ऑनलाइन फर्जी मतदाता सूची बनाई है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हर जिले में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा है। ज्यादातर वोटर गुजरात और हरियाणा से हैं। महाराष्ट्र और दिल्ली में विपक्ष इन तथ्यों का पता नहीं लगा पाया। उन्होंने कहा- मैं बंगाल के लोगों से अपील करती हूं कि वे वोटर लिस्ट की जांच करें। किसी भी दिन एनआरसी और सीएए के नाम पर सही वोटर्स के नाम हटाए जा सकते हैं। भाजपा ऐसा करके किसी तरह टीएमसी को हराना चाहती है। ममता ने वोटर लिस्ट की जांच के लिए पार्टी स्तर पर कमेटी भी बनाई है।

## यूपी-बिहार कभी हिंदी क्षेत्र नहीं थे

# हिंदी ने 25 से ज्यादा भाषाओं को खत्म किया : एमके स्टालिन

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि जबरन हिंदी थोपने से 100



सालों में 25 नॉर्थ इंडियन भाषाएं खत्म हो गई। स्टालिन ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा- एक अखंड हिंदी पहचान की कोशिश प्राचीन भाषाओं को खत्म कर रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार कभी भी हिंदी क्षेत्र नहीं थे। अब उनकी असली भाषाएं अतीत की निशानी बन गई है। स्टालिन ने लिखा- दूसरे राज्यों के मेरे प्रिय बहनों और भाइयों, क्या आपने कभी सोचा है कि हिंदी ने कितनी भारतीय भाषाओं को निगल लिया है।

### अस्तित्व के लिए हांफ रही भाषाएं

*भोजपुरी, मैथिली, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, हो, खरिया, खोरठा, कुरमाली, कुरुख, मुंडारी, और कई सारी भाषाएं अब अस्तित्व के लिए हांफ रहे हैं। वहीं बीजेपी ने स्टालिन के बयान को मूर्खतापूर्ण बताया। स्टालिन ने कहा- हिंदी थोपने का विरोध किया जाएगा क्योंकि हिंदी मुखौटा और संस्कृत छुपा हुआ चेहरा है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## पाकिस्तान को भारत से सीखने चाहिए लोकतांत्रिक मूल्य

# भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा, कहा- फेल देश, दुनिया के दान पर टिका, उपदेश न दे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में भारत ने कहा कि पाकिस्तान एक फेल देश है। वह अंतरराष्ट्रीय दान पर टिका है। भारत ने कहा कि आतंकवादियों को पनाह देने वाला पाकिस्तान लगातार झूठ फैला रहा है। यह फेल देश ओआईसी का समय भी बर्बाद कर रहा है। मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाले पाकिस्तान को उपदेश देने की जरूरत नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के क्षितिज त्यागी ने कहा, यह देखना दुखद है कि पाकिस्तान के नेता और प्रतिनिधि अपने सैन्य आतंकवादी समूह के झूठ को लगातार फैलाने में जुटे हैं। पाकिस्तान ओआईसी को अपने मुखपत्र के रूप में इस्तेमाल करके उसका मजाक उड़ा रहा है। त्यागी ने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ओआईसी का समय एक फेल देश बर्बाद कर रहा है। यह देश अंतरराष्ट्रीय सहायता पर जीवित है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की बयानबाजी पाखंड, अमानवीयता और अक्षमता से भरी हुई है। भारत लोकतंत्र, प्रगति और अपने लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

### यूएन में भारत ने पाकिस्तान के झूठ को किया बेनकाब

### कहा- पाकिस्तान की शासन व्यवस्था अक्षमता से भरी

### जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत के अंग रहेंगे

**भारत को सराहा**

*क्षितिज त्यागी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग बने रहेंगे। पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति अपने आप में बहुत कुछ कहती है। ये सफलताएं दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित इस क्षेत्र में सामान्य स्थिति लाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर लोगों के भरोसे का प्रमाण हैं।*

#### पाकिस्तान की हो रही निंदा

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने जवाबी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कहा कि यह बयान पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए निराधार झूठ का जवाब है। साथ ही भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने भी 19 फरवरी को कहा था कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए गलत सूचना अभियानों की कड़ी निंदा की।

#### उत्तर देने के अधिकार का इस्तेमाल

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने उत्तर देने के अधिकार का इस्तेमाल किया और कहा कि यह टिप्पणी पाकिस्तान के झूठ फैलाने का जवाब है। इससे पहले 19 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा था कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा।

#### हमे न समझाए पाकिस्तान

पाकिस्तान में मानवाधिकारों का हनन, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न और लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यवस्थित उल्लंघन राज्य की नीतियों का हिस्सा है। पाकिस्तान जो बेशर्मी से संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों को पनाह देता है, उसे किसी को उपदेश नहीं देना चाहिए। भारत ने यूएन में कहा कि पाकिस्तान को भारत के खिलाफ अपनी सनक से उबरना चाहिए।

# विदेश मंत्रालय के दखल के बाद घायल भारतीय छात्रा से मिलेंगे परिजन, यूएस का वीजा मिलेगा

## एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी नीलम शिंदे केलिफोर्निया के एक अस्पताल में कोमा की हालत में भर्ती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

बीते 14 फरवरी को केलिफोर्निया में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी 35 वर्षीय भारतीय छात्रा नीलम शिंदे से अस्पताल में मिलने के लिए जल्द ही उसके परिजन अमेरिका जा सकेंगे। विदेश मंत्रालय ने इसके लिए अमेरिका की सरकार से संपर्क किया है। सूत्रों ने बताया कि आमतौर पर इस तरह की आपातकालीन यात्रा के लिए वीजा जल्द से जल्द जारी कर दिया जाता है। लेकिन इस मामले में हुई देरी के पीछे की वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है। उधर, नीलम के पिता को मुंबई स्थित अमेरिका के वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार सुबह 9 बजे वीजा जारी करने पहले लिए जाने वाले साक्षात्कार के लिए बुलाया है। यहां बता दें कि केलिफोर्निया की स्थानीय पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है और उसने इस हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन के चालक को हिरासत में ले लिया है।

### एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने मामले को उठाया

उधर, बीते बुधवार को इस मामले को महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने एक्स पर उठाते हुए एक पोस्ट में कहा था कि छात्रा नीलम शिंदे अमेरिका में दुर्घटना में घायल हो गई है। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नीलम के पिता महाराष्ट्र के सतारा से हैं और उन्हें आपातकालीन चिकित्सा स्थिति की वजह से अपनी बेटी से मिलने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने अमेरिका के वीजा के लिए आवेदन किया है, तुरंत मदद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद दुखद मामला है, जिसका हम सभी को एकजुटता से समाधान निकालने की जरूरत है। सुले ने विदेश मंत्रालय से मदद मांगी। वहीं, नीलम शिंदे के परिवार वालों को प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय की तरफ से संपर्क किया गया है।

**मुंबई स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार सुबह 9 बजे नीलम के पिता को वीजा जारी करने से पहले लिए जाने वाले साक्षात्कार के लिए बुलाया।**

### जीवन के लिए संघर्ष करती छात्रा

नीलम कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी की छात्रा है। 14 फरवरी को सड़क पर किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में उसके सिर, हाथ और छाती में गंभीर चोटें आई हैं और वह अस्पताल में अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। छात्रा के परिवार ने इस घटना के बारे में जानकारी मिलने के 48 घंटे के अंदर ही अमेरिका की यात्रा के लिए वीजा के लिए आवेदन कर दिया था। लेकिन उनका आवेदन तब से लंबित है। नीलम के चाचा कदम शिंदे के मीडिया में दिए बयानों के मुताबिक, वीजा के लिए अगले वर्ष की शुरुआती तारीख बताई जा रही है। इसके अलावा नीलम के परिजन कह रहे हैं कि सड़क दुर्घटना में उसके दोनों हाथों और पैरों में फ्रैक्चर है, जिसकी वजह से उसकी तत्काल ब्रेन सर्जरी किए जाने की जरूरत है। मरीज कोमा में है इसलिए अस्पताल सर्जरी से पहले परिजनों से लिखित में अनुमति लेना चाहता है।

# हिमाचल के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी



### अगले 48 घंटों तक रहेगी जारी

*भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में और अधिक बारिश और बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने कहा कि अगले 48 घंटों तक ऊपरी इलाकों में बर्फबारी जारी रहेगी, साथ ही राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश भी होगी। वरिष्ठ वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी दर्ज की गई है और अन्य क्षेत्रों में बारिश देखी गई है। अगर मात्रा की बात करें तो कुल्लू में 22 मिमी बारिश हुई है।*

# डब्ल्यूटीसी बिल्डर और भूटानी ग्रुप से जुड़े 12 ठिकानों पर छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को बड़ा एक्शन लिया। जांच एजेंसी ने डब्ल्यूटीसी बिल्डर और भूटानी ग्रुप से जुड़े 12 ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में हुई है। बताया जा रहा है कि निवेशकों से धोखाधड़ी के मामले में ये एक्शन लिया गया है। बताया जा रहा है कि ईडी डब्ल्यूटीसी बिल्डर के दफ्तरों, इसके प्रमोटर आशीष भल्ला और भूटानी ग्रुप के 12 ठिकानों पर सर्च कर रही है। ये ठिकाने दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में हैं। डब्ल्यूटीसी ग्रुप के फरीदाबाद, नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में कई प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। आरोप है कि ग्रुप ने निवेशकों से 1000 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए हैं और पिछले 10-12 सालों में प्रोजेक्ट्स पूरे नहीं हुए।

### देश में काफी बड़ा नाम है भूटानी ग्रुप का

*देश की बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल भूटानी ग्रुप प्रोजेक्ट्स है। कंपनी अब तक 9 मिलियन स्क्वायर फीट से ज्यादा निर्माण कर चुकी है और इसके 74 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं।*

# हमास संघर्ष विराम के अगले चरण की वार्ता के लिए तैयार

**खान यूनिस (एपी)।** हमास ने इजराइल द्वारा कैद किए गए 600 से अधिक फलस्तीनियों की रिहाई के बदले चार बंधकों के शव सौंपने के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि वह गाजा में संघर्ष विराम के अगले चरण पर वार्ता करने के लिए तैयार है। दोनों पक्षों के बीच इस सप्ताह के अंत में खत्म होने जा रहे एक संघर्ष विराम समझौते के तहत कैदियों-बंधकों की अदला-बदली का यह अंतिम चरण था। दूसरे चरण पर बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है। इस चरण के तहत हमास को कैदियों की रिहाई और एक स्थायी युद्ध विराम के बदले में दर्जनों शेष बंधकों को रिहा करना है। बंधकों के परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक इजराइली समूह ने कहा कि बृहस्पतिवार को तड़के सौंपे गए सभी चार बंधकों के शवों की पहचान कर ली गई है। 'होस्टेजेस एंड मिसिंग फैमिलीज फोरम' ने बताया कि ओहाद याहालोमी, इत्जाक एल्गरात और श्लोमो मंत्जूर, साशी इदान के शवों की पहचान हो गई है। हमास ने एक बयान में कहा कि इजराइल के लिए शेष बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने का "एकमात्र तरीका" बातचीत और समझौते का पालन करना है।

ऊर्जा एवं क्षमता का एहसास

जापानी® तेल
पुरूषों के लिए
खास लोकप्रिय व असरकारक
ज्यादा अच्छे परिणाम हेतु जापानी तेल के साथ में जापानी-M कैप्सूल का भी नियमित इस्तेमाल करें।
सभी मेडीकल व आयुर्वेदिक स्टोर पर उपलब्ध




72198 21111 | BAJAJ SECURE AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | *Terms and conditions apply. *Ex-showroom price for Pulsar 125 variants. Bajaj Auto reserves the right to withdraw any or all offers without prior notice. Stunts have been performed by experts, under professional supervision, in a controlled and enclosed environment, in isolation from general public or public roads. Do not attempt to replicate these stunts and always follow traffic and safety rules. AMC available on specific models and in specific states. Check with Bajaj dealer for more details. Road Side Assistance is provided by third parties and is subject to their terms and conditions.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.:** Gohana: Mahadev BAJAJ 8222949408 • Panipat: SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • Kaithal: Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• Assandh: BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • Rohtak: ANSH BAJAJ 9254211102 • Jhajjar: ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • Bahadurgarh: BABA BAJAJ 9215455501/03 • Faridabad: NIT,Railway Road:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 Ajronda Chowk:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: New Rly. Road : JSB BAJAJ 8882212365 • Old DLF, Chakarpur: JSB BAJAJ 9991437799; Manesar 8527394201: Pataudi 6394203979;; Manesar 8527394201: Pataudi 6394203979 ; • Khandsa Road: GSM BAJAJ 7838774484\85 • Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City: GOYAL BAJAJ 9781111000• Ambala Cantt: Goyal Bajaj 9053016401 • KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa: RAJINDERA BAJAJ 9729670800• Jagadhri: KRISHNA BAJAJ 9812031611 • Yamuna Nagar: KRISHNA BAJAJ 9813445102 • Panchkula: PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • Hansi: BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • Sirsa: RAJA BAJAJ 9996027379 • Bhiwani: SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • Charki Dadri: BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • Fatehabad: FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • Narnaul: RR BAJAJ 9466320249 • Ballabgarh: ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830. **Authorised Service Centre:** Samalkha(S): 9996099067, Samalkha(D): 9050103232, Sanoli : 9992300027, Bapoli: 9416311625, Israna: 9996453000, Matloda: 9466343515, Gharaunda: 9215633545, Kunjpura : 9050905911, Nissing: 8529811300, Jundla: 9813470474, Rajound: 7988582388, Munak: 9896715189, Indri: 9812823781, Gannur: 9812543331, Kundli: 9466036628, Kharkhoda: 9416370108, Bahalgarh -9034796560, Sampla: 9355803777, Dighal: 9215640087, Kalanaur: 8572000201, Meham: 9254059551, Badli: 9996966628, , Dhauj -9811382736, Badauli – 9555070555, Sururpur – 9069111729, , Dundahera: 9811348395, , Gurugram Sec. 17/18: 9891284122, Palam Vihar: 9891557677, Farruknagar: 9215128444, Manesar: 85273 94201, Pataudi: 99191 29123, Barara: 8221001211, Shehzadpur: 9017097170, Matheri: 9416225092, Nariangarh: 9468402222, Dosarka: 9813139393, Saha: 9416393643, Ladwa: 9812520888, Shahbad: 9802453090, Ismailabad: 9416264059, Pundri: 9729818200, Siwan: 9034700082, Kalayat: 8607670172, Cheeka: 9896566783, Bilaspur: 9467120411, Sadhoura: 9354299366, Chachrouli: 9812128042, Khizrabad: 9416377034, Radaur: 8295781731, Barwala: 9215762510, Raipur rani: 9416461366, Ramgarh: 9417184618, Pinjore: 9671758800 Marrawala: 9896060113, Barwala: 9050220005, , Uklana: 9671304776, , Siwani: 8168672841, Mangali: 9729643232, Ding Mandi: 9813656456, , Rania: 9728321221, Chopta: 9416619641, Kalawali: 7015067499, , Dabwali (D): 9996371906, Mundhal: 9671482000, Tosham: 9728585000, Dhigava: 9812890443, Behal: 9991801939, Barda: 9813310101, Loharu: 7027397000, Jhojhu: 9992322277, Jui: 8930000917,Jamalpur: 9413762285, Bawani Khera: 9466628317, Tohana: 9991997270, Ratia: 9350700079, Bhattu Mandi: 9812054503, Saffidon (M): 9896422766, Saffidon (Sk): 8607078500, Julana: 8929147777, Narwana: 9350483009, Uchana: 9466777844, Dhamtan Sahib: 9468102345, Dharuhera: 9812705798, Palhawas: 9416248270, Kund: 8059490007, Bawal: 9466926200, Kosli: 9416038181, Ateli: 9416347264, Mohindergarh: 9468323888, Kanina: 9416578910 Nangal Chaudhary: 8168091181, Dhauj -9811382736, Sikri: 8178008100, Hodal: 9728989313, Hatin: 9671600916, Mitrol: 9813095406, Hassanpur: 9416636633, Mohana: 9813903634, Sohna: 9050351153, Badshahpur: 9540694444., Tigaon: 9873000517,, Suroorpur –9069111729.